

■ पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी - 12



■ तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम हवाई यात्रा घटाएं - 12



■ भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं - 13



■ हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर - 14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
15.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.15
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया 11:56 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 21 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 115, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# युद्ध से तेल महंगा, औद्योगिक डीजल 22 और प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये लीटर बढ़ा

## वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बीच हुई वृद्धि, सामान्य तेल की कीमतों में बदलाव नहीं

- दिल्ली में प्रीमियम पेट्रोल अब 101.89 रुपये, औद्योगिक डीजल 109.59 रुपये हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं।

ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।



### 64 पैसे टूटा रुपया, सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 64 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बढ़ते जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92 .92 पर खुला। कारोबार के दौरान गिरता हुआ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया। अंत तक इसमें गिरावट जारी रही और यह 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 64 पैसे की गिरावट है।

### जोमैटो ने बढ़ाया फूड डिलीवरी शुल्क, 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर किया



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने उपयोगकर्ताओं से लिए जाने वाले मंच शुल्क में 2 .40 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 14 .90 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। यह पहले 12 .50 रुपये था। उसकी प्रतिद्वंद्वी स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं से जीएसटी सहित 14 .99 रुपये मंच शुल्क ले रही है। जानकारों के मुताबिक शुल्क में यह बढ़ोतरी अखिल भारतीय स्तर पर उन सभी बाजारों में की गई है, जहां जोमैटो परिचालन करता है। इसने पिछली बार सितंबर 2026 में मंच शुल्क बढ़ाया था। इस बीच, तीसरी सबसे बड़ी फूड डिलीवरी कंपनी मैजिकपिन ने फिलहाल मंच शुल्क में बढ़ोतरी से इनकार किया है।

# हवाई हमलों में ईरानी सेना के प्रवक्ता जनरल नैनी की मौत

तेहरान/दुबई, एजेंसी



- ईरान ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर हमला किया, इजराइल ने तेहरान पर की बमबारी

ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने शुक्रवार तड़के अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में अपने प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के मारे जाने की पुष्टि की है। यह हमला उनके उस बयान के कुछ ही मिनटों बाद हुआ जिसमें उन्होंने चल रहे युद्ध के बावजूद मिसाइल उत्पादन जारी रहने की बात कही थी। गत 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद से ईरान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रहे अभियानों की श्रृंखला में यह एक और बड़ी घटना है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली यह समझने में असमर्थ हैं कि ईरान के पास स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थानों के साथ एक मजबूत ढांचा है। ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। कुवैत ने कहा, मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर दो बार ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई। यह रिफाइनरी ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है।

### ईरान की विश्व के पर्यटन क्षेत्रों पर हमले की धमकी

**दुबई।** ईरान ने विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी और इस बात पर जोर दिया कि वह अब भी मिसाइलें बना रहा है। शीर्ष ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने जनरल अबोलफजल शेखरची की धमकी ने इस चिंता को फिर से बढ़ा दिया है कि ईरान दबाव बनाने की रणनीति के रूप में पश्चिम एशिया से बाहर आतंकवादी हमलों का इस्तेमाल फिर से शुरू कर सकता है।

### युद्ध क्षेत्र में अब तक छह भारतीयों की गई जान

**नई दिल्ली।** बढ़ते संघर्ष के बीच विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई, जबकि एक अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अपर सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा, हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की कल देर रात सूचना मिली। दूतावास परिवार के संपर्क में है और पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है।

### अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत व 2500 मरीन सैनिक कर रहा तैनात

**दुबई।** अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत और 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती कर रही है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि यूएसएस बॉक्सर और दो अन्य पोतों के साथ ही 11वीं 'मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट' के लगभग 2,500 मरीन सैनिक अपने गृह बंदरगाह सैन डिएगो से रवाना हो चुके हैं। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने जहाजों की तैनाती किए जाने की पुष्टि की।

### पर्ल्स ग्रुप की 22,000 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धनशोधन की जांच के दौरान जब्ती की नई कार्रवाई की है और इस मामले में कुल 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह आंकड़ा एजेंसी द्वारा एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। पीएसीएल पर 48,000 करोड़ की पोंजी योजना में गड़बड़ी का आरोप है। ये 126 अचल संपत्तियां पंजाब व दिल्ली में स्थित हैं।

# आंधी-बारिश का कहर, वज्रपात से 5 की मौत



- लखनऊ समेत कई जिलों में फसलों की तबाही, सीएम ने दिए राहत के निर्देश
- 50 जिलों में 80 किमी प्रति घंटा तक चली हवा, राजधानी में भी गिरे ओले

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से उप्र में मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और कानपुर समेत कई जिलों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर नुकसान का सर्वे और किसानों को राहत देने के निर्देश दिए हैं।

सबसे दर्दनाक घटनाएं ग्रामीण इलाकों में सामने आईं। बहराइच के हरदी क्षेत्र के बदनपुरवा गांव में किसान मुनऊं (पुत्र जलील) सरसों की फसल देखने जाते समय वज्रपात की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रयागराज के सोरांव में राम बहादुर (50) की बिजली गिरने से जान चली गई, जबकि बहादुरपुर क्षेत्र में किसान संग्राम यादव (60) की मौत हो गई और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है, दो गायों की भी मौत हुई। बलरामपुर के धुसाह गांव में तीरथराम वर्मा (32) और मिर्जापुर के पड़री क्षेत्र में हरिशंकर (70) की भी वज्रपात से मौत हो गई।







आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की
दिली मुबारकबाद

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर
की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
सैयद मो. असलम
सैयद मो. अरहम
सैयद मोहम्मद असलम
पूर्व प्रशिक्षण अधिकारी, ऐमन जई जलाल नगर, शाहजहांपुर।

# आपसी सद्भाव और भाईचारे का त्यौहार : ईद-उल-फितर



इबादत और दान का महीना, सब्र और बराबरी का महीना और रूह की सफाई का महीना, रहमत और रोशनी की बारिश में हमेशा नहाने, किस्मत को बेहतर बनाने और नेक कामों की दौलत से गोद भरने का महीना, यानी रमजान 2026 जाने वाला है और हमने शुक्रवार, 20 मार्च को आंखों में आंसू और हजारों अफसोस के साथ इसे अलविदा कह दिया है और अब 21 मार्च को ईद-उल-फित्र का त्योहार पूरे जोश के साथ मनाने की तैयारी चल रही है। ईद उल फित्र का दिन हमें खुशियों के साथ साथ ये संदेश भी देता है कि यह दिन असल में अल्लाह के नेक बंदों के लिए अल्लाह से माफी मांगने का दिन भी है। सभी मुसलमान सुन्नत और शरिया के हिसाब से ईद-उल-फित्र का त्योहार मनाने की अपनी धार्मिक जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। ईद मनाने का यह तरीका और रिवाज सदियों से चला आ रहा है और कयामत की सुबह तक चलता रहेगा। लेकिन ईद का त्योहार हमें क्या संदेश देता है और हम इस पर कितना ध्यान देते हैं। यह एक जरूरी सवाल है। ईद का दिन मुस्लिम समुदाय को भाईचारे और प्यार, स्नेह और ईमानदारी और दान के जरिए गरीबों, जरूरतमंदों, विधवाओं और अनाथों के साथ अच्छा बर्ताव करना सिखाता है। ईद-उल-फित्र मुस्लिमों के लिए बहुत खुशी, आनंद और खुशी का दिन है। सभी देशवासियों को ईद-उल-फित्र की दिली मुबारकबाद।

★ प्रस्तुतिः- राशिद हुसैन जुगनू, ब्यूरो संवाददाता, शाहजहांपुर।

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
कमल किशोर कठेरिया
पूर्व आई. आर. एस.
समाजवादी पार्टी,
निवास :
सेठ इंकलेव, शाहजहांपुर

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की
की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
मोहम्मद सईद खां
पूर्व सभासद
जिला प्रभारीः- उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन
निवासः मोहल्ला दिलाजाक, शाहजहांपुर
मो. 9889849020

आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहेदिल से मुबारकबाद
तसनीम अली खां
पूर्व महानगर अध्यक्ष व पीसीसी सदस्य कांग्रेस पार्टी।
निवासः- तारीन टिकली, शाहजहांपुर।
मोबाइलः- 8303974735

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की
आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
अब्दुल कय्यूम
पूर्व सभासद
वार्ड नं 48, मोहल्ला निसर जई, शाहजहांपुर
मो. 9140919093

ईद मुबारक
मोहम्मद यासीन
सहायक अध्यापक
जूनियर हाईस्कूल काजीपुर, ब्लाक भावलखेड़ा
मंडल संयुक्त मंत्री
जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, शाहजहांपुर
मो. 9956569040

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर
की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
मोहम्मद याकूब कुरैशी
मुतवल्लीः- सड़क वाली मस्जिद, मोहल्ला फतेहपुर, शाहजहांपुर।
निवासः- मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा, शाहजहांपुर।
मोबाइलः- 9307011819

आप सभी को ईद-उल-फितर
की तहेदिल से मुबारकबाद
शाहनवाज अंसारी
प्रदेश अध्यक्ष
सर्व समाज जनकल्याण समिति उ.प्र.
तारीन जलालनगर, शाहजहांपुर
मो. 9208283781

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की
आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
अब्दुल सत्तार उर्फ लाले
पार्षद- नगर निगम
वार्ड नं 36, ताजू खेल, शाहजहांपुर
मो. 8726007336

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर
की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
नाजिम खां
हिन्दुस्तान बाथ पैलेस
निकट दुर्गा सिनेमा, शाहजहांपुर
मो. 9005302395

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की
आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
राजीव कुमार यादव
जिला अध्यक्ष
आम आदमी पार्टी, शाहजहांपुर
मो. 8400593035

ईद-उल-फितर की
तहेदिल से मुबारकबाद
शादाब उल्ला खां
पौत्र शहीद अशफाक उल्ला खां
होटल पैराडाइज एंड ईडन रेस्टोरेंट
स्टेशन रोड, शाहजहांपुर मो. 8604139134

आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की तहेदिल से मुबारकबाद
आकिल खां
प्रबंधक
शहंशाह मैरिज लान
निकट-डा वसीम अस्पताल, मोहल्ला बिजलीपुरा, बिसरात रोड, शाहजहांपुर। मो. 9005959059

आपसी भाईचारे और स्नेह के पर्व
ईद-उल-फितर की
की आप सभी को तहेदिल से मुबारकबाद
डॉ. मोहसिन
पार्षद- नगर निगम वार्ड नं. 50
रंगीन चौपाल, शाहजहांपुर
मो. 9026623593

Happy Eid Ul Fitar
Firoz Hasan Khan
(Advocate)
Member Managing Commtt. & Gen. Sectry, Old Boys Asso.
S. S. LAW COLLEGE, SHAHJAHANPUR
VICE PRESIDENT, NORTHERN INDIAN BADMINTON ACADEMIES MOB. 8081236312

कर्मचारी एकता जिन्दाबाद
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
ऑर्डिनेंस आर्मी क्लोदिंग फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन (इंटक/इंफ)
ऑर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री, शाहजहांपुर
मुकेश कुमार (अध्यक्ष) वसीम अहमद (महामंत्री)

ईद मुबारक
नौशाद हसन इदरीसी
जिला अध्यक्ष
अंजुमन इदरीसिया
शाहजहांपुर
मो. 9532508786

HAPPY EID UL FITAR
UNIQUE MEN'S WEAR & TAILORS
Exclusive Men's Showroom
Deals in: Readymade Garments, Suiting Shirting & Dress Materials
Prop. YAMEEN AHMAD, SHADMAN AHMAD
Mob. 8707801905, 9161111133
Opp. Mohan Nursing Home, Tarin Tikli, Shahjahanpur

Eid Mubarak

Gulistan FURNITURE
M.: 8887527679
St. BILAL PUBLIC SCHOOL
Co-Educational English Medium School
(Based on CBSE Pattern)
M.: 7906179636
ADMISSION OPEN
Class NC to VIII
गुलिस्ताँ परिवार की तरफ से
सभी शहरवासियों को तहे दिल से
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
ST. BILAL PUBLIC SCHOOL
MOH. ALI ZAI, GULISTAN FURNITURE, EID GAH ROAD, SHAHJAHANPUR

ईद मुबारक
न्यूरोलाजिक न्यूरोकेयर
शाहजहांपुर के प्रथम न्यूरोलाजिस्ट/न्यूरोफिजिशियन अब शाहजहांपुर में रोजाना उपलब्ध
डा. मो. इमरान खां
एम.डी. (मेडिसिन), डी. एम. (न्यूरोलाजी)
भू.पू. असिस्टेंट प्रोफेसर न्यूरोलाजी विभाग
के.जी.एम.यू. लखनऊ
मो. 8081048392
पता : अंटा चौराहा, निर्मल पाइप हाउस के सामने, तक्षशिला पब्लिक स्कूल के पास, बिसरात रोड, शाहजहांपुर।

ईद उल फितर 2026 की मुबारकबाद
INTEGRAL UNIVERSITY
INSPIRING EXCELLENCE
Aasim Zafar Khan
(Principal)
CAMPUS SHAHJAHANPUR
● Diploma in Civil Engineering ● Diploma in Mechanical Engineering ● Diploma in Electrical Engineering ● Diploma in Computer Science Engineering *Above mentioned courses are also avalaible in evening mode
GURRI VILLAGE, 13TH KM STONE SITAPUR ROAD, SHAHJAHANPUR (U.P.)
Mob. 9335582701, 8299683983

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।
बीज मंत्र...
**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

## न्यूज ब्रीफ

### मानसिक मंदित महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा भगवानपुर निवासी मुकेश ने नवादा मोड़ पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र देकर अपनी 45 वर्षीय पत्नी निशा के लापता होने की जानकारी दी। बताया उनकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### डीआरएम आज स्टेशन का करेंगी निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव शनिवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगी ओर सांसद अरुण सागर के साथ मीटिंग करेंगी। डीआरएम विनीता श्रीवास्तव मुरादाबाद से दोपहर 12 बजे मुरादाबाद से निरीक्षण यान से चलेगी, जो यहां ढाई बजे पहुंचेगी।

### बेटे को बरामद करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर मूड़ा निवासी गंगाराम ने एसपी को दिए गए पत्र में बताया कि 07 मार्च को दिन में 10 बजे उसका पुत्र खेत पर फसल देखने के लिए गया था, जो वापस लौटकर नहीं आया है। उन्होंने बेटे की गुमशुदगी थाना में दर्ज करायी है। उसका आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उसके पुत्र को गायब कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि उसके पुत्र को बरामद किया जाए।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत

## मलिका पेट्रोल पंप के पास आपस में टकराई दो बाइकें, दो का चल रहा उपचार

- पुलिस ने घटनास्थल के आसपास खंगाले सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटना में किशोर और वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।



कृष्णा मिश्रा।

खुटार के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी हिमांशु तिवारी गुरुवार शाम 7 बजे शाहजहांपुर के मोहल्ला वन विभाग कॉलोनी निवासी भांजे लव बाजपेयी (12) पुत्र विपुल वाजपेयी, पुवायां रोड बीआरसी ऑफिस के समीप गांव रसवां कलां निवासी मौसेरे भाई कृष्णा मिश्र (14) पुत्र रजनीश मिश्रा के साथ बाइक लेकर किसी काम से कस्बा बंडा जा रहे थे। खुटार से जाने वाले बंडा रोड पर गांव मलिका के पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे बाइक खड़ी करके



घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे कर्मी।

हिमांशु तिवारी लघुशंका करने चले गए थे। बाइक के पास लव बाजपेयी व कृष्णा मिश्रा खड़े थे। इसी दौरान खुटार की ओर से घर लौट रहे कस्बा बंडा के गांव आलमपुर पिपरिया निवासी शिवराम सक्सेना (30) गांव विलंदापुर निवासी ससुर रामेश्वर दयाल (70) की बाइक खड़ी बाइक में टकरा गई। हादसे में बाइक के पास खड़े लव वाजपेयी, कृष्णा मिश्रा व दूसरी बाइक सवार शिवराम सक्सेना, रामेश्वर दयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी शैलेश कुमार, सुनील, राकेश मौर्या, सोमवीर गंगवार की मदद से घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने सभी घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने गंभीर घायल कृष्णा मिश्रा और रामेश्वर दयाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि शिवराम सक्सेना, लव वाजपेयी का इलाज चल रहा है। उधर, सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और मृतकों के घर कोहराम मच गया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम भेज दिया है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। दरोगा को शाहजहांपुर भेजा गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क हादसे में युवक की जान गई

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर कोयला निवासी राजपाल ने बताया कि उसका चचेरा भाई 34 वर्षीय गोविंद कुमार बुधवार को शाम सात बजे खेत पर फसल की रखवाल करने के लिए जा रहे थे। जलालाबाद-अल्हागंज मार्ग पर चार पहिया वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। वह अपने भाई को फर्रुखाबाद अस्पताल में ले गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** 13 मार्च की रात करीब 9 से 9 :30 बजे क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नागर निवासी अश्वनी कुमार सिंह के पिता संतोष कुमार सिंह हरदोई से अपने घर लौट रहे थे। जरीयनपुर पहुंचने पर वाहन न मिलने के कारण वह पैदल ही घर जा रहे थे। इसी दौरान जरीयनपुर पेट्रोल पंप के आगे तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में संतोष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि पीड़ित के पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** बंडा रोड पर मलिका गांव के पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में ससुर की मौत व दामाद के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर पिपरिया निवासी मुकेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 मार्च को उसका भाई शिवराम अपने ससुर रामेश्वर दयाल के साथ बाइक से जिला लखीमपुर खीरी के गांव कुरिगवां अपनी पुत्री के लिए रिश्ता देखने गया था। वापस आते समय खुटार बंडा रोड पर मलिका गांव के पैट्रोल पंप के पास 6.30 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने दोनो घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

हालत गंभीर होने पर दोनो घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रामेश्वर दयाल की रास्ते में मौत हो गई। और उसके भाई शिवराम का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रमजान का महीना मुकम्मल चांद का हुआ दीदार

- दोपहर में बारिश के बावजूद बाजार में भीड़ रही
- ईदगाहों और मस्जिदों में साफ-सफाई का काम मुकम्मल किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रमजान-उल-मुबारक का महीना मुकम्मल हो गया। शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईद को देखते हुए पूरे दिन बाजार गुलजार रहे। ईदगाहों और मस्जिदों में साफ-सफाई के काम को मुकम्मल कर लिया गया। ईद को लेकर सुबह से ही तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर में बारिश के बावजूद बाजार में भीड़ रही। बहादुरगंज, मंडी, लाल इमली चौराहा, जलालनगर बजरिया आदि में खरीदार उमड़ पड़े। लोगों ने कपड़े, सिंवई समेत जरूरी चीजों की खरीदारी की।

देर शाम चूड़ी वाली गली में हाथों में मेहंदी लगवाने को महिलाओं की लाइन लगी रही। वहीं, रेडीमेड कुर्ता-पायजामा की दुकानें भी गुलजार रहीं।

शाम में मगरिब की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। दूसरी तरफ ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के लिए सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई। अधिकारियों ने ईदगाहों और मस्जिदों का निरीक्षण भी किया। बड़ी ईदगाह में नमाजियों के लिए सफें तैयार कर ली गई। ईद-उल-फितर की नमाज से पहले सदका-ए-फितर देना जरूरी है। सदके से ही गरीबों के घर ईद की खुशियां आएगी। शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने बताया कि शरीयत में हुक्म है कि साहिबे निसाब को सदका-ए-फितर की रकम गरीबों और मिस्कीनों को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो किलो 45 ग्राम गेहूं या इसके बराबर के रुपये का सदका जरूर दें। **ईद की नमाज का समय :** ईदगाह बड़ा खुत्बा पर 8.00 बजे, छोटा खुत्बा पर 8.30 बजे, जामा मस्जिद पर 8.30 बजे, गदियाना ईदगाह पर 8.30 बजे, बड़ी मस्जिद पर 8.30 बजे और छोटी मस्जिद पर 8.15 बजे नमाज होगी।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

- खेत में लगे तार में किसान ने छोड़ रहा था करंट

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव कुदिरना निवासी 24 वर्षीय अनिल कुमार गुरुवार की रात दस बजे खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया। पड़ोसी खेत मालिक ने अपने खेत की मेड़ पर आरी वाले ब्लेड तार लगा रखे थे। उसने तार में करंट छोड़ रखा था। अनिल कुमार ने ब्लेड वाले तार को छुआ तो अचानक करंट लग गया।



अनिल कुमार।

उसने शोर मचाया तो खेत पर काम कर रहे किसान दौड़कर गए और अनिल कुमार को किसी तरह छुड़ाया ओर बेहोश हो गया। इधर सूचना मिलने पर अनिल कुमार का भाई धर्मपाल खेत पर पहुंचा और अपने भाई को ब्लेड वाले तार के पास बेहोशी की हालत में पाया। वह अपने भाई को मेडिकल कालेल लेकर आया। जहां डाक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। उन्होंने थाना पर सूचना दी। पुलिस मौके पर गयी ओर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। रामऔतार ने थाना पर तहरीर दी कि उसका बेटा अनिल कुमार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया था। गांव के नन्हे लाल गुप्ता तथा गुड्डू गुप्ता ने अपने खेत पर आरी वाले ब्लेड के तार लगा रखे थे। उन्होंने ट्रांसफार्मर पर कटिया डालकर तार में करंट छोड़ रखा था। उसके बेटे ने तार पकड़कर अपने खेत में जाने का प्रयास किया तो छोड़े गए तार में करंट लगने से उसके बेटे की मौत हो गयी। खेत पर अन्य लोगों ने उसके बेटे को बचाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिल गयी है और जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिला पर धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी राजवीर सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 17 मार्च को दिन में चार बजे गांव के ही श्रीपाल, मंगली, अरविंद लुक्का, अमित आदि का उसकी पत्नी से घूरा डालने और कंडे थोपने को लेकर विवाद हो गया और गाली देने लगे। गाली का विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी को धारदार हथियार से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# स्केटिंग कर बंद रेलवे फाटक किया पार

- रेलवे लाइन पर लगाई जंप, लोगों ने वीडियो किया वायरल
- जीआरपी ने किशोर के पिता को सख्त हिदायत देकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोक्षधाम रेलवे क्रासिंग पर पर ट्रेन के आने के समय एक किशोर स्केटिंग करते हुए बंर रेलवे फाटक पार कर रहा था। फाटक के पास खड़े लोगों ने किशोर का वीडिया बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जीआरपी ने किशोर के पिता को थाना पर बुलाकर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

गुरुवार की दोपहर मोक्षधाम रेलवे फाटक बंद था और डाउन लाइन से ट्रेन आने वाली थी। इसी दौरान एक किशारे अपने पीठ पिट्ठू बैग लादकर स्केटिंग पहन कर रेलवे फाटक के पास आया। बंद रेलवे फाटक के बैरियर के नीचे से निकला और डाउन व अप लाइन की पटरियों पर जंप करके पार किया तथा दूसरे बैरियर के पास पहुंचा।

रेलवे फाटक पर खड़े लोग स्केटिंग पहने किशोर की हरकत को देख रहे थे। इसी दौरान दूसरे किशोर ने उसका स्केटिंग पहन करके रेलवे लाइन पर जंप करने का मोबाइल पर वीडियो बना लिया। किशारक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। जीआरपी थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया हुए वायरल को संज्ञान में लिया और सिपाहियों से उसकी तलाश करायी।

बताते है कि किशोर कक्षा 11 का छात्र है और एक इंटर कालेज में में पढ़ता है।

पुलिस उसे थाना पर ले आयी और पूछताछ की। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया किशोर के पिता को थाना पर बुलाकर सख्त चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में बेटे ने दोबारा हरकत की तो कार्रवाई की जाएगी।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# 43 सेकेंड तक लगातार किया शंखनाद, प्रथम आए अमृतांश

## नवसंवत्सर पर प्रतियोगिता से वातावरण हुआ आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वीआईपी ग्रुप की पहल, गूंजी शंखध्वनि से आध्यात्मिक माहौल
- प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह विजेताओं का सम्मान

**अमृत विचार :** नवसंवत्सर के पावन अवसर पर शहर के वीआईपी ग्रुप की ओर से गुरुवार को शंखनाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गूंजती शंखध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इस आयोजन की रूपरेखा क्रिएटिव पर्सनालिटी वर्षा गोस्वामी की ओर से तैयार की गई, जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में अमृतांश अग्रवाल ने 43 सेकेंड तक लगातार शंखनाद कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पंडित पवन सारस्वत 32 सेकेंड के साथ द्वितीय और अमन पाण्डेय 18 सेकेंड के साथ तृतीय स्थान पर रहे।



नवसंवत्सर पर आयोजित शंखनाद प्रतियोगिता में शंख बजाते आयोजक।

अन्य प्रतिभागियों में हर्षवर्धन अग्निहोत्री (13 सेकेंड), ज्ञान मिश्रा (15 सेकेंड), अरुण गुप्ता (9 सेकेंड), विनीत गुप्ता (10 सेकेंड), अयोध्या से आए विजय मिश्रा (10 सेकेंड), विनम्र अग्रवाल (10 सेकेंड), अंशुमान वाजपेई और प्रभा वाजपेयी शामिल रहे। महिला वर्ग में दीपा सिंह ने 11 सेकेंड तक शंखनाद कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेनू अग्रवाल और गरिमा मिश्रा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें पहले दोनों ने 9-9 सेकेंड का प्रदर्शन किया, इसके बाद पुनः मुकाबले में गरिमा मिश्रा ने 8 सेकेंड और रेनू अग्रवाल ने 6 सेकेंड का प्रदर्शन कर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य प्रतिभागियों में मित्रांशी (8.30 सेकेंड), सोना (7 सेकेंड), अग्रिमा (6 सेकेंड) और रिद्धि बहल (4 सेकेंड) शामिल रहीं। इस अवसर पर हनुमंतधाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष अरुण गुप्ता, हेमा अग्रवाल, पुनीत मिश्रा, विनायक अग्रवाल, डॉ. अमित सिंह, डॉ. नमिता सिंह, डॉ. रश्मि बहल, रिद्धि बहल, काजल यादव, वर्षा अवस्थी, वंशिका यादव, शचि गुप्ता, वंदिता गुप्ता, आरती गुप्ता, संध्या गुप्ता, रचना अवस्थी, विभा विंग और सोनी गौड़ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**इन विजेताओं को किया सम्मानित:** कार्यक्रम के अंत में ग्रुप की अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी, महासचिव सतीश सक्सेना, अभिनय गुप्ता, विनीत गुप्ता, नितांशी गुप्ता और वर्षा गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारियों की ओर से सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## राउंड टेबल व लेडीज सर्किल ने कॉलेज में बनवाई चार कक्षाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 एवं शाहजहांपुर लेडीज़ सर्किल 179 की ओर से जेपी इंटर कॉलेज रौसर कोठी में चार कक्षाओं के ब्लॉक का निर्माण कराकर उद्घाटन किया गया। एफटीई प्रोजेक्ट के अंतर्गत तैयार इन कक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। इस दौरान नेशनल प्रेसिडेंट रचित बंसल, नेशनल ट्रेजरर विपुल भूटड़ा, एरिया चेयरमैन निखिल अग्रवाल और ऑनरेरी टेबलर आदित्य मूर्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। अभिभावकों ने वृक्षारोपण कर हरित भविष्य का संदेश दिया और बच्चों ने गुब्बारे छोड़कर खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम में जसविंदर सिंह बजाज, अमरीश सक्सेना, अशोक अग्रवाल, निर्भय अग्रवाल, राजीव सिंघल, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, रवि खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल, डॉ. जावेद अहमद, दिनेश चड्ढा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अन्य सदस्यों में अक्षय अग्रवाल, डॉ. आर्चित सक्सेना, अर्पित गोयल, लक्ष्य चड्ढा, पारस सचदेवा, शांतनु वर्मा, शोभित गोयल, सिद्धार्थ अग्रवाल, सिद्धार्थ गोयल, सिद्धार्थ रस्तोगी, वंशिका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मिलेट्स रेसिपी विकास उपभोक्ता जागरुकता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर अध्यक्ष ने मोटे अनाज के उपयोग पर दिया जोर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2025-26 के तहत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन गन्ना शोध परिषद संस्थान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा, डॉ. पीके कपिल गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, डॉ. महेश गुप्ता, वैज्ञानिक डॉ. नूतन वर्मा केवीके नियामतपुर और वैज्ञानिक डॉ. संजीव पाठक सहित अन्य मौजूद रहे। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने मोटे अनाज के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इसे भोजन में शामिल करने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा ने कृषकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए मिलेट्स उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी और कहा कि जो किसान मोटे अनाज की खेती करना चाहते हैं, उन्हें बीज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों से कृषि विभाग में पंजीकरण कराने की अपील की, जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. संजीव पाठक, डॉ. विद्या गुप्ता और विमल कुमार सिंह ने मिलेट्स की खेती, गौ-आधारित खेती, प्राकृतिक खेती, गन्ना फसल प्रबंधन तथा रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. पीके कपिल और अन्य वैज्ञानिकों ने भी किसानों को मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जीएफ कॉलेज, आर्य महिला डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज और आर्य महिला इंटर कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने प्रतिभाग किया। होटल एवं रेस्टोरेंट श्रेणी में होटल सत्यम इम्पेरिया ने भाग लेते हुए सांवा और रागी से उत्पाद तैयार किए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंत में उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आदेश फिर भी आरपीएफ ने नहीं किया कमरा खाली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीआरएस का बनना था गोदाम, डीआरएम के सामने रखा जाएगा मुद्दा

**अमृत विचार:** रेलवे के अधिकारियों ने स्टेशन पर टिकट घर के पीछे आरपीएफ को कमरा खाली करने के कहा गया था। आरपीएफ के एएसआई ने कमरा खाली कर दिया, लेकिन आरपीएफ ने उसे मालखाना बना दिया है।

प्लेटफार्म एक पर कई साल पहले वेतन कार्यालय था। सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ को एक कमरा दे रखा था। अब कर्मचारियों के वेतन खाते में सीधे जाता है। इस लिए वेतन कार्यालय बंद हो गया था, लेकिन कमरा आरपीएफ के पास है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता उत्तर रेलवे ने आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक को पत्र लिखा था कि आरपीएफ से कमरा खाली करके सीआरएस कार्यालय का गोदाम बनना है। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के सचिव शिवम सक्सेना ने आरपीएफ थाना प्रभारी को पत्र लिखा था। वरिष्ठ खण्ड अभियंता कमरा खाली कराने के लिए पत्र लिख चुके है। यूनियन के नेताओं और रेल अधिकारियों ने बताया कि इस मुद्दे को मंडल के डीआरएम के सामने रखा जाएगा। आरपीएफ का कहना है कि एक कमरा उन्हें आवंटित है।

## अधेड़ का शव मिला, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति तिलहर क्षेत्र में छाया ढाबा के सामने बेहोशी की हालत में पड़ा था। लोगों ने तिलहर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात व्यक्ति को तिलहर सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। मृतक की उम्र 50 साल है।

मृतक काली टी शर्ट और सफेद रंग का पायजामा पहने हुए है। तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रवेश के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीआरएस का बनना था गोदाम, डीआरएम के सामने रखा जाएगा मुद्दा

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र के मौजमपुर के पास स्थित फ्लोरेंस कालेज आफ नर्सिंग के करीब 13 विद्यार्थियों ने बिना भारतीय नर्सिंग परिषद की मान्यता के कालेज में प्रवेश देकर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि प्रवेश के समय प्राचार्य ने मान्यता होने की बात कही थी। जब प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट आया तो सच्चाई सामने आई। पुलिस चौकी अजीजगंज में घटना की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फ्लोरेंस कालेज आफ नर्सिंग के विद्यार्थी रश्मि, लक्ष्मी, परितोष वर्मा, दिव्यांशी वर्मा, इति, रागिनी पाल, मो शुएब आदि ने अजीजगंज चौकी प्रभारी गोविंद सिंह से की लिखित शिकायत में बताया कि फ्लोरेंस कालेज आफ नर्सिंग में प्रवेश के समय प्राचार्य जीनू जार्ज ने आईएनसी मान्यता होने की बात बताई थी। तब उन्होंने फीस जमा कर प्रवेश ले लिया था। जब प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट आया तो पता चला कि मान्यता ही नहीं है। धोखाधड़ी कर प्रवेश कर दिए गए। जब विद्यार्थियों ने प्रवेश निरस्त कर फीस वापस करने को कहा तो आरोप है कि उनके साथ अभद्रता की गई और फीस वापस करने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही हास्टल का सामान जब्त कर दूसरे सेमेस्टर की फीस जमा करने का दबाव बनाया गया। सभी ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर चौक कोतवाली अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी को निर्देश दिए गए है कि दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता करें और जांचकर कार्रवाई करें। फ्लोरेंस कालेज आफ नर्सिंग के प्राचार्य जीनू जार्ज ने बताया कि कॉलेज में आईएनसी की मान्यता है। हाल ही में हुए सर्वेक्षण में कुछ बिंदुओं की पूर्ति के लिए कहा गया है। जिनके पूरा करते ही दो से तीन माह में फिर से मान्यता मिल जाएगी। विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## थरिया-परौर मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य 23 मार्च से शुरू होगा

**परौर, अमृत विचार:** क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित थरिया-परौर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को लेकर तैयारी तेज हो गई है और 23 मार्च से कार्य शुरू किया जाएगा। शुक्रवार को सड़क पर जेसीबी, रोलर और अन्य मशीनें पहुंचने के बाद आसपास के गांवों में खुशी का माहौल रहा। मौके पर सड़क किनारों का चिन्हांकन, अतिक्रमण की पहचान और सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर और संकरा होने के कारण हादसों का कारण बन रहा था, जिससे स्कूली बच्चों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में दिक्कत होती थी। बरसात में जलभराव और कीचड़ से स्थिति और खराब हो जाती थी। लंबे समय से मांग उठ रही थी।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरुकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## पड़ोसियों पर गाली गलौज, सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी का आरोप

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी अपना दल एस नगराध्यक्ष सैफ अली खान ने पड़ोस के शारिक हुसैन, काशिफ हुसैन व फराज हुसैन पर गाली गलौज, झगड़ा और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सैफ अली खान ने बताया कि 20 फरवरी को जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के बाहर व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत हुई थी, जिसके बाद आरोपी उनसे नाराज रहने लगे। आरोप है कि 10 मार्च की रात करीब 11 बजे आरोपियों ने लाठी डंडे लेकर उनके रेस्टोरेंट के सामने पहुंचे और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उस समय उनका परिवार सो रहा था और घटना की जानकारी सुबह सीसीटीवी कैमरे देखने पर हुई। इसके बाद 12 मार्च को शाम करीब साढ़े छह बजे और साढ़े सात बजे फिर गाली गलौज व धमकी दी गई, जिसकी रिकॉर्डिंग भी सीसीटीवी में है। आरोप यह भी है कि सैयद शफीउद्दीन अली के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनकी पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है, जिसके साक्ष्य मौजूद हैं। सैफ अली खान ने अपने और परिवार की सुरक्षा को लेकर आशंका जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि आरोपी फराज हुसैन की ओर से पहले भी सैफ अली खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। कोतवाल प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी इन्दु ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी शादी तीन साल पूर्व राहुल तिवारी नगला दीना थाना फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद के साथ हुआ था। उसके मायके वालों ने अपनी समार्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से 50 लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब कुछ नहीं दे पाएगे। वह नवंबर 25 में गर्भवती हो गयी। ससुराल वालों ने गर्भ में पल रहे बच्चे को गर्भापात कराने का प्रयास किया। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता, समाधान की मांग

संवाददाता, पुवायां

- कहा- समस्याओं का समाधान न होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। संगठन का कहना है कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

भाकियू (चढ़ूनी) द्वारा उपजिलाधिकारी पुवायां को दिए गए पत्र में बताया गया है कि किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते 2 फरवरी 2026 से शांतिपूर्ण धरना शुरू किया गया था, जो अब भूख हड़ताल में बदल गया है।

संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से समस्याओं का समाधान न कर केवल नोटिस देकर आंदोलन को खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की जमीन से जुड़े मामलों में अनियमितताएं हो रही हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ताओं में हरिपाल सिंह, नवाब सिंह और सुखविंदर सिंह शामिल हैं, जो अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव व तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# बारिश के दौरान कड़ी सुरक्षा में अदा की गई अलविदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जामा मस्जिद समेत प्रमुख मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल

**अमृत विचार :** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज जिले भर में हजारों मुसलमानों ने खुशनुमा माहौल में बारिश में भीगते हुए अदा की। इस दौरान मुल्क व मिल्लत की खुशहाली व सलामती की दुआ की गई। जिला व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख मस्जिदों के आसपास और संवेदनशील क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर पुलिस फोर्स तैनात किया था।

शहर की जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे होने वाली जुमा अलविदा की नमाज पढ़ने के लिए हजारों लोग दोपहर 12 बजे से ही पहुंचना शुरू हो गए। मस्जिद का अंदरूनी और बाहरी हिस्सा लोगों और बच्चों से खचाखच भर गया।

जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने नमाज से पहले लोगों को खिताब करते हुए कहा कि रमजान उल मुबारक के मुकद्दस महीने का यह आखिरी जुमा है। आज हम भीगी आंखों से इस मुकद्दस महीने को अलविदा कह रहे हैं। हमारी दुआ है कि अल्लाह तआला हम सब को यह मुकद्दस महीना और इस महीने की नेमतों और बरकतों से बार-बार सरफराज फरमाए। उन्होंने बताया कि साहिबे निसाब पर सदका फितर वाजिब है और ईद उल फितर की नमाज से पहले पहले अपनी तरफ से और छोटे बच्चों की तरफ से सदका फित्र अदा कर देना चाहिए। इसके बाद खुत्बा हुआ और जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई और मुल्क की खुशहाली व सलामती के लिए दुआ की गई।



मस्जिद में अलविदा की नमाज़ अदा करते लोग। • अमृत विचार

मोहल्ला तारीन जलाल नगर स्थित ऊंची मस्जिद के इमाम मौलाना फारूक रज़ा ने खिताब करते हुए कहा कि आज इस महीने का आखिरी जुमा पढ़कर अल्लाह तआला के इस मेहमान नवाजी वाले महीने को अलविदाई पेश कर रहे हैं। जिसमें अल्लाह तआला ने रहमते, मगफिरतें और जहन्नम से निजात आम रखी है।

अल्लाह ने इस माह में कुरान पाक नाजिल फरमाया और जिस महीने में लैलतुल कद्र को रखा है। आज रमज़ान का आखिरी जुमा ईमान वालों के लिए खुशी नहीं, बल्कि दिल ग़मज़दा है, आंखें अश्क बार हैं। इसके बाद इमाम ने खुतबा पढ़कर नमाज अदा कराई।

इसी तरह ककरा कला में छोटी मस्जिद व बड़ी मस्जिद, नूरी मस्जिद तारीन, कटहल वाली मस्जिद दिलाजाक, एमन जई जलाल नगर स्थित मस्जिद नेमत शाह व एक मीनार मस्जिद, तारीन जलाल नगर स्थित ऊंची मस्जिद, खलील गर्बी स्थित छोटी मस्जिद, हकीम अब्दुल हक वाली मस्जिद, मदरसा फैजान वाली मस्जिद, मोहम्मद जई स्थित मस्जिद सादी मियां मस्जिद, मुल्लाखेल स्थित खुरमा मस्जिद, ठोकर वाली मस्जिद, टाउन हॉल वाली मस्जिद में जुमेतुल विदा की नमाज अदा कराई गई। नगर निगम की ओर से जुमेतुल विदा पर शहर की जामा मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास व सड़कों पर सफाई कराई गई और चूने का छिड़काव किया गया।

मस्जिदों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था। शासन के आदेश पर नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों ने रूट पर गश्त की। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि, मस्जिदों में अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न कराई गयी। तमाम पुलिस और प्रशासन के अधिकारी ने अपनी ड्यूटी निभाई है।

# बे-मौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों को नुकसान

## खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल भीगी, आलू की खुदाई हुई बंद, तेज हवा के साथ बूंदाबांदी से तापमान गिरने से बढ़ी ठिठुरन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। सुबह से दोपहर तक रुक-रुक तेज हवा के साथ बारिश हुई। आसमान में गरज और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। इससे गेहूं की फसल में नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में गेहूं फसल खेतों में बिछ गई है। कुछ स्थानों पर खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल गीली हो गई। आलू की खुदाई का काम भी प्रभावित हुआ है। हालांकि कृषि अधिकारियों का कहना है कि अभी इससे फसलों में कोई खास नुकसान नहीं है। वहीं मौसम में हुए बदलाव के बाद तापमान में भी भारी गिरावट हुई है। लोग गर्म कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं।

पिछले कई दिन से मौसम खराब था। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई थी। शुक्रवार की भोर में एकाएक मौसम बदल गया। ठंडी तेज हवाएं चलने लगीं। आठ बजे के बाद आसमान में बिजली की चमक के साथ तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने लगी। करीब दो बजे तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी हुई। अचानक मौसम में आए बदलाव से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा है। खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को अधिक नुकसान हुआ है। कई इलाकों में गेहूं की फसल बिछ गई है। अभी सरसों की कटाई का काम चल रहा है। कटी पड़ी सरसों की फसल भीग गई है। अभी मौसम खराब है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। किसानों का कहना है कि अगर ऐसा ही मौसम बना रहा तो उनकी फसलें खराब हो जाएगी। उत्पादन में भी अंतर आएगा। गेहूं, सरसों व आलू की फसल को लेकर किसान चिंतित है। किसान रवि कुमार, शिवकुमार, मोहर सिंह, मुकेश आदि ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल पकने की ओर है।

सरसों की फसल की कटाई चल रही है और बड़ी मात्रा में कटी हुई फसल खेतों में ही पड़ी हुई है। तेज हवा के बीच गेहूं की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। कई जगह पर आलू की खुदाई चल रही है। हालांकि गन्ने की फसल को फायदा हुआ है। जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि सरसों की फसल काफी कट चुकी है। खेत में पानी भरा होता तो ज्यादा नुकसान की संभावना रहती, लेकिन सरसों के खेत में पानी नहीं था। गेहूं की फसल को थोड़ा बहुत नुकसान की संभावना है। सर्वे कराकर जानकारी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर खराब मौसम के बीच तापमान में भी गिरावट आ गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। आर्द्रता 61 फीसदी और हवा की गति दिन में 12 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रही। कृषि अधिकारी का कहना है कि अभी भी तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना लगातार बनी हुई है। यदि अधिक बारिश होती है तो इससे गेहूं, सरसों व आलू की फसल को नुकसान हो सकता है।

**ठंडी हवाओं के बीच कांपे लोग :** शुक्रवार की सुबह चार बजे से तेज गति से ठंडी हवाएं चलने लगी थी। ठंडी हवा चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में गिरने से गर्मी के मौसम में लोग कांपते हुए दिए। कई स्थानों पर ठंड दूर करने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। जिन लोगों ने गर्म कपड़े निकालकर रख दिए। वह बाहर आ गए। लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं।


बारिश से बचाव को छाता लगाकर जाता साइकिल सवार। ● अमृत विचार


तेज हवा और बारिश से खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### बेमौसम बारिश से अन्नदाता बेहाल खेतों में बिछी गेहूं की फसल

**संवाददाता, ओरछी :** अमृत विचार : शुक्रवार को मौसम के बदले मिजाज ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह बारिश आफत बनकर बरसी। सुबह से ही शुरू हुई तेज हवाओं और रिमझिम फुहारों ने खेती–किसानी के गणित को बिगाड़ कर रख दिया है। आसमान में छाए काले बादलों और सर्द हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गईं बारिश और तेज हवाओं ने दोतरफा नुकसान पहुंचाता है। खेतों में कटी हुई लेहटा (सरसों) की फसल पूरी तरह भीग गई, जिससे दानों के काला पड़ने और सड़ने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में गेहूं की खड़ी फसल तेज हवाओं के झोंके सहन नहीं कर सकी और खेतों में ही बिछ गई। आलू बचाने की जद्दोजहद खराब मौसम को देखते हुए किसान काफी सतर्क नजर आए। बारिश के बीच ही खेतों से आलू की खुदाई कर उन्हें ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में लादकर सुरक्षित स्थानों और कोल्ड स्टोर पहुंचने की अफरा–तफरी मची रही। किसानों का कहना है कि अगर बारिश तेज हुई तो खेतों में पानी भरने से आलू सड़ने की आशंका बढ़ जाएगी। बारिश के कारण मुरादाबाद–फर्रुखाबाद राजमार्ग पर वाहनों की रफ्तार सुस्त रही। आवागमन कम रहा। सुबह के समय हुई बारिश के चलते स्कूली बच्चे छतरी और बरसाती पहनकर स्कूल जाते नजर आए। वहीं ठंडक के कारण बाजारों में भी चहल–पहल कम रही, लोग घरों में ही दुबके रहे।


ट्रक में तिरपाल से ढका आलू।

## न्यूज ब्रीफ

### साली लापता हुई तो जीजा ने युवक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 साल की साली उनके घर पर रहती थी। 13 मार्च की शाम लगभग 7 बजे वह लापता हो गई है। उन्होंने सोचा कि वह मोहल्ले में किसी के घर चली गई होगी लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी तो रिश्तेदारी में उसकी तलाश की। फिर भी कुछ पता नहीं चला। घर से 50 हजार रुपये नगद, सोने की चेन व एक अंगूठी, चांदी की ज्वेलरी आदि गायब थी। पता चला कि दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक उसकी साली को बहला फुसलाकर बाइक से ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### 3.15 लाख रुपये की अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली के उपनिरीक्षक देशराज सिंह ने शुक्रवार को 629 ग्राम अफीम के साथ गांव सिचौली निवासी धर्मेंद्र पाल पुत्र जयवीर सिंह को गिरफ्तार किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग 3 लाख 15 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है। पुलिस अन्य सहयोगियों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा बालाजी जन्मोत्सव

**बिल्सी , अमृत विचार :** नगर के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम में आगामी 2 अप्रैल को बालाजी का जन्मोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति और भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव के दौरान तीन दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों की अविरल धारा बहेगी। सिद्ध पीठ के महंत मटरू मल शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव की शुरुआत 1 अप्रैल को सुन्दरकाण्ड'' के पाठ के साथ होगी। मुख्य आयोजन 2 अप्रैल (गुरुवार) को होगा। महा आरती : प्रात : 11 :45 बजे होगी। इसके बाद भोग लगाया जाएगा।

# बिसौली से वार्ड 17 निवासी तीन बच्चे अचानक लापता

संवाददाता, बिसौली

● परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस तलाश करने के लिए जुटी

**अमृत विचार :** नगर बिसौली के नई बस्ती वार्ड 17 ईदगाह रोड से तीन मासूम बच्चों के अचानक लापता होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरा मोहल्ला बच्चों की सकुशल वापसी की दुआ कर रहा है।

पीड़ित नूर मोहम्मद पुत्र रईस अहमद ने बताया कि 18 मार्च की शाम करीब 6 बजे उसका बेटा आहिल (10 वर्ष), रसूल अहमद (8 वर्ष) और भतीजा आरिश (14 वर्ष) घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गए। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों के अनुसार बच्चे पहले परिवार के साथ तेलंगाना के नेल्लूर स्थित एक दरगाह पर जा चुके हैं और अक्सर वहां जाकर पैसे कमाने की बात किया करते थे। दरगाह पर रहने वाले परिचितों को बच्चों के फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे गए हैं, ताकि कोई जानकारी मिल सके। आशंका जताई जा रही है कि बच्चे वहां जाने की योजना बना रहे थे या फिर किसी अज्ञात व्यक्ति के बहकावे में आ गए हैं।

कोतवाल राजेन्द्र पुंडीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बच्चों की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर पुलिस टीमों को भेजा गया है और जल्द ही उन्हें सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गैस सिलेंडर लेने जा रहे युवक की हादसे में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** गैस सिलेंडर लेने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। चालक को मय डीसीएम पकड़ लिया गया है। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव सढ़ोमई निवासी सोनू (25) पुत्र भीमसेन शुक्रवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कस्बा अलापुर की शराब की दुकान के सामने पहुंचे। सामने से आए डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

# जिले में 2 हजार स्थानों पर पढ़ी जाएगी ईद की नमाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ईद त्यौहार के लिए प्रशासन की रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- 23 संवेदनशील इलाकों में तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट, भारी संख्या तैनात रहेगी पुलिस
- डीएम, एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाहों का किया दौरा, देखी सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार:** शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोग ईद-उल-फितर त्योहार को मनाएंगे। त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक बनी हुई है। लोगों ने देर रात तक खरीदारी की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले में करीब दो हजार स्थानों पर ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। जिले भर में त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द के बीच मनाया जाए। डीएम ने संवेदनशील 23 स्थलों व क्षेत्र के लिए एक-एक मजिस्ट्रेट, नगर क्षेत्र के 12 स्थानों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और इसके अलावा 13 अधिकारियों को आरक्षित मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है। इसके साथ ही डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी अंकिता शर्मा ने शहर और शेखूपुर गांव स्थित ईदगाह का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा है।

डीएम ने ईदगाहों के किए दौरे के बाद लोगों से त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाने और नई परंपरा न डाले जाने की अपील की। डीएम ने पुलिस व प्रशासन अधिकारियों को पूरी तरह से सजग व सक्रिय रहने के आदेश दिए। डीएम ने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी नजर रखने के आदेश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने को कहा। डीएम एसएसपी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को त्योहार के दिन सजग रहकर सक्रिय रहने के आदेश दिए। कहा कि वह निरंतर भ्रमणशील रहे। आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करें तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके।


डीएम अवनीश कुमार राय, एसएसपी अंकिता शर्मा ने किया शहर का दौरा।

# अप्रैल में शुरू होगी दिल्ली को ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


लोधी छात्रावास में छात्रों को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

● अप्रैल के पहले या दूसरे सप्ताह में ट्रेन चलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** जिले के लोगों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। जिले के लोग ट्रेन में बैठकर सीधे दिल्ली तक का सफर तय कर सकेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने जल्द ट्रेन संचालन की घोषणा की है। माना जा रहा है कि अप्रैल के पहले या दूसरे सप्ताह में संचालन शुरू हो जाएगा।

अवंतिका बाई लोधी के बलिदान दिवस पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर मोहल्ला नेकपुर स्थित लोधी छात्रावास पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्षों से चल रही जिले के लोगों की मांग पूरी होने वाली है। जल्द ही दिल्ली के लिए कासगंज-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी। मार्च में सत्र चलने की वजह से ट्रेन का संचालन अगले सप्ताह से होगा। रेलवे के अधिकारियों ने दो दिन पहले संपर्क किया था। टाइम टेबल के लिए अप्रूवल लिया है। टाइम टेबल पास हो गया है। ट्रेन 10 से साढ़े 10 बजे के बीच दिल्ली पहुंचेगी और वहां से दोपहर लगभग 4 बजे वापसी होने के बाद रात 10 बजे बदायूं आएगी। साल 2019 से पहले बदायूं में विकास नहीं था। अब मोदी सरकार में तेजी से हो रहा है। रिंग रोड के लिए डीपीआर सर्वे चल रहा है। कहा कि सपा ने बदायूं को खोखला करने का काम किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रहकर तैयारी कर रहे छात्राओं को टिप्स दिए। इसके अलावा उन्होंने छात्रावास में दी जानी वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

# पुरानी रंजिश में छीन ली आढ़त की चाबी, बाद में गायब मिला गेहूं

**विजय नगला, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने गल्ला व्यापारी से उसकी आढ़त की चाबी छीन ली। सीओ से शिकायत के बाद उन्हें चाबी वापस दिलाई गई। वह आढ़त खोलने पहुंचे तो आरोप है कि 365 कुंटल 21 किलो गेहूं गायब मिला। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के नगर पंचायत गुलड़िया निवासी रजत गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गुलड़िया में श्री सीताराम ट्रेडर्स के नाम से उनकी गल्ला की आढ़त है। 5 फरवरी को गांव के दो लोग उनके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। उनसे आढ़त की चाबी छीन ली। मांग करने के बाद भी उन्होंने चाबी वापस नहीं की। तहरीर देने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित ने सीएम पोर्टल और एसएसपी से शिकायत की। जिसके बाद सीओ ने उन्हें चाबी वापस दिला दी। व्यापारी ने 17 मार्च को दुकान खोली तो उसमें गेहूं गायब मिलने पर तहरीर दी है।

### एक माह से गायब सफाई कर्मी निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार :** एक माह से सफाई करने गांव न पहुंच रहे सफाई कर्मचारी को डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया है। सालारपुर ब्लॉक के गांव खासपुर के प्रधान ने डीपीआरओ से शिकायत की थी कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी मु.उवैस गांव में नहीं आ रहा है। जिससे गांव में गंदगी दूर नहीं हो रही है। प्रधान की शिकायत पर डीपीआरओ ने जांच कराई। जांच में शिकायत सही पाई। जिस पर डीपीआरओ ने सफाई कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिसका जवाब नहीं मिला।

# कूटू आटा विक्रेताओं के यहां छापे

- नवरात्रि के दिनों में अधिकांश रखते हैं उपवास, मिलावटी खाद्य पदार्थ की वजह से लोगों को हो रही दिक्कत
- खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले, दुकानदारों से मिलावट होने की कर रहे जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नवरात्रि में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। इससे फलाहार में उपयोग किए जाने वाला कूटू का आटा भी अछूता नहीं रहा। उपवास रखने वाले लोग फलाहार में प्रयोग करने वाले खाद्य पदार्थों को पूरी जांच परख के बाद खरीद रहे हैं। वहीं मिलावटी खाद्य पदार्थ की रोकथाम को खाद्य सुरक्षा विभाग टीमों भी बाजार में उतर चुकी हैं। उनके द्वारा शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर पांच सैंपल लिए। उन्हें जांच के लिए भेजा है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव के नेतृत्व में अधिकारियों ने शुक्रवार को कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। शहर के गांधी नगर स्थित बृजेश कुमार के एसबी ट्रेडर्स के यहां से कुट्टू और सेंधा नमक का नमूना लिया गया। कुंवरगांव स्थित सुरेश चंद्र के प्रतिष्ठान से किशमिश, अंबियापुर स्थित चंक्रकेश के प्रतिष्ठान से पनीर और बिसौली स्थित बाबूराम मार्केट स्थित अमित प्रोविजन स्टोर से साबूदाना का सैंपल लिया। सभी सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। छापामार अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह, भगवत सिंह, प्रिया त्रिपाठी, प्रमोद कुमार और खुशीराम शामिल रहे।


सैंपल लेने के बाद कार्रवाई पूरी करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**समस्या** ईरान और इजरायल युद्ध की वजह से ठेकेदारों को निर्माण कार्य कराने में आ रही दिक्कत

# तारकोल महंगा होने से सड़कों का निर्माण कार्य प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लोक निर्माण विभाग सहित ब्लॉक स्तर पर चल रहे हैं कार्य ठहरे
- कच्चा तेल महंगा होने से लगातार बढ़ रहे हैं तारकोल के दाम

**अमृत विचार:** रसोई गैस की किल्लत के साथ अब सड़क निर्माण भी प्रभावित होने लगा है। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध की वजह से कच्चा तेल महंगा हो रहा है। जिसके कारण बिटुमेन यानि तारकोल के दाम में तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में ठेकेदारों को काम करना मुश्किल हो गया है। जिले में करीब पांच सौ करोड़ की लागत से छोटी बड़ी 350 से अधिक सड़कों का निर्माण चल रहा है। बिटुमेन के दाम बढ़ने से ठेकेदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ईरान और इजरायल अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण रसोई गैस की किल्लत हो गई है। लोग सड़कों पर सिलेंडर के लिए लाइनों में खड़े हैं। रसोई गैस किल्लत की वजह से अन्य कार्य भी प्रभावित हो हुए हैं। युद्ध के कारण कच्चे तेल के दामों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। कच्चे तेल से ही बिटुमेन बनने की वजह से महंगा हो गया है। ठेकेदार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि बिटुमेन का प्रयोग डामर रोड बनाने में किया जाता है। बताया कि 15 मार्च तक बिटुमेन के दाम 1600 रुपये प्रति मीट्रिक टन थे। लेकिन इसके बाद से लगातार दाम बढ़ रहे हैं। अब बिटुमेन में पांच हजार रुपए प्रति मीट्रिक टन बढ़ गए हैं। जिससे काम करना मुश्किल हो गया है। बताया कि जिन ठेकेदारों ने काम ले लिया है। उन पर अचानक से लोड़ बढ़ गया है।

विभाग एग्रीमेंट में तय दामों के अनुसार ही भुगतान करेगा। लोक निर्माण विभाग के अनुसार जिले में करीब पांच सौ करोड़ की लागत से लगभग 350 से अधिक छोटी बड़ी सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है। बिटुमेन महंगा होने की वजह से काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है। संभावना जताई जा रही है कि अगर इसी तरह से बिटुमेन के दाम बढ़ते रहे तो चल रहे निर्माण कार्य रुक जाएंगे।

### तारकोल को कहते हैं बिटुमेन

लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता रवि कुमार ने बताया कि बिटुमेन कच्चे तेल के शोधन से प्राप्त एक गहरा, काला और अत्यधिक चिपचिपा हाइड्रोकार्बन पदार्थ होता है। जिसका उपयोग सड़कों के निर्माण में किया जाता है। यह अर्ध–ठोस होता है, जो गर्म करने पर तरल हो जाता है। बिटुमेन वॉटरप्रूफिंग के लिए भी उपयोग में लाया जाता है।

### मार्च माह में निकल रहे सबसे अधिक टेंडर

लोक निर्माण विभाग की ओर से पिछले साल एक हजार से अधिक सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन में भेजे थी। इनके निर्माण की स्वीकृति पिछले साल नवंबर माह से मिलनी शुरू हो गई है। इसके बाद लगातार एस्टीमेट, टेंडर और स्वीकृति कराई जा रही है। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है। इसलिए अधिकारी जल्द कार्य शुरू कराने में जुटे हैं। लेकिन बिटुमेन के दाम बढ़ने से काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है।

> बिटुमेन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। एक दिन पहले ही बिटुमेन के दाम पांच हजार रुपए बढ़े हैं। विभागों ने पूर्व में जो एग्रीमेंट दिए हैं। उसके अनुसार काम करना मुश्किल हो रहा है। कार्य की लागत बढ़ गई है। ऐसे में जो कार्य मिले हैं उन्हें किसी तरह से पूरा किया जाना है। जो कि मुश्किल कार्य है। **अमित पांडेय,** जिला अध्यक्ष ठेकेदार एसोसिएशन

> डामर के काम प्रभावित नहीं होंगे। उन्हें ठेकेदारों को पूरा करना ही होगा। इसके लिए पहले ही एग्रीमेंट करा लिया गया है। नए टेंडर निकाले जा रहे हैं उनमें परेशानी होगी। ठेकेदार बिटुमेन के दाम बढ़ने से टेंडर प्रक्रिया से अपने हाथ पीछे खींच सकते हैं। **नरेश कुमार सिंह,** , अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

# सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी सीसीटीवी में कैद

**बिल्सी, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला संख्या एक में घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर ट्रॉली को बांधकर फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामबहादुर पुत्र देवीराम ने बताया कि उन्होंने अपनी ट्रॉली घर के बाहर खड़ी की थी। शुक्रवार सुबह के करीब चार बजे चोर ट्रैक्टर लेकर आया और ट्रॉली को उसके पीछे बांधकर ले गया। सुबह जब ट्रॉली मौके पर नहीं मिली तो उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

# झोपड़ीनुमा घर में आग से हजारों का नुकसान

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव बाबट में ठंड दूर करने के लिए आग जलाई थी। हवा के वेग की वजह से आग की लपेटे झोपड़ी नुमा घर तक पहुंच गई। जिससे उसमें आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख गया है। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

गांव बाबट निवासी भूरे सिंह ने गांव से पश्चिम दिशा में स्थित एक बगीचे में अपना झोपड़ी नुमा घर बना लिया था। वही रहकर वह अपना जीवन यापन कर है। उसी झोपडी में बकरी पालन भी किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार को अपरान्ह के समय बढ़ती ठंड के चलते झोपड़ी के पास तापने के लिए आग जलाई थी। उसी आग से उठी चिंगारी से झोपडी में आग पकड़ी ली। जिससे झोपड़ी में रखा सामान कपड़ा, अनाज, लकडी आदि समेत हजारों का अन्य सामान जलकर राख हो गया। किसी तरह लोगों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। गनीमत रही कि झोपड़ी के पास बंधी बकरियां बच गईं।


मौके पर ग्रामीणों की लगी भीड़ ।

# अलविदा की नमाज में उमड़े मोमिन, अल्लाह से मांगी दुआ

## जामा मस्जिद के बाहर कैंप में लगाकर दी ईद की मुबारकबाद, ईदुल फितर आज, रहेगा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रमजान अलविदा को जिले की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। शहर की जामा मस्जिद पर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने भी मस्जिद पहुंचकर नमाज पढ़ी। जिसके बाद लोगों से गले मिलकर जुमा अलविदा और ईद की मुबारकबाद दी।

नमाज के बाद पूर्व मंत्री जामा मस्जिद के बाहर विशेष कैंप लगाया। जहां नमाजियों का स्वागत किया गया। कैंप पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सभी से आपसी प्रेम और एकता बनाए रखने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जुमा, अलविदा रमजान के पवित्र महीने का आखिरी शुक्रवार होता है, जिसका विशेष महत्व है। यह दिन हमें त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। कहा कि ईद का त्योहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है। जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। इस अवसर पर उनके बेटे दय्यान रजा और अदान रजा ने भी सभी को शुभकामनाएं दी। कैंप में सभासद अनवर खां, नवेद, मुशाहिद, सोहिल सिद्दीकी, सैय्यद आजम, फरहत अली, साजिद अली, मोहम्मद मियां, अफसर अली, छोटू, बब्लू रिजवान, कौसर अली, पप्पन, फहीम खां, समर खान, फिरोज अंसारी, वसीम सैफी, बिलाल लोधी, वसीम सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।



कैंप में नमाजियों को ईद की मुबारकबाद देते पूर्व मंत्री आबिद रजा। ● अमृत विचार



मोतशाम सिद्दीकी के आवास पर चर्चा करते आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव।

## 24 शिक्षकों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

**बिसौली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक विधालयों में कार्यरत पूर्व विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पुरानी सेवाओं को जोड़कर व 2005 से पूर्व विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन दिया जाएगा। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 24 शिक्षकों को लाभ मिलेगा। जिसका स्वागत शिक्षकों ने किया है। सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष विषय विशेषज्ञ शिक्षक संघ राजकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षक लंबे समय से पेंशन की मांग कर रहे थे। जिसे सरकार पूरा करने जा रही है। जिसका लाभ जिले के 24 शिक्षकों को मिलेगा।



राजकुमार शर्मा।

प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत करने वालों में संजीव कुमार तोमर, मीरा अग्रवाल, अकरम, वाजिद, राजीव कुमार शर्मा, दिनेश पाल सिंह, महावीर प्रसाद, प्रभाशंकर सक्सेना, सुलेखा सिंह आदि शामिल रहे।

## नमाज को लेकर दबतोरी पुलिस रही सतर्क

**दबतोरी, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र आसफपुर क्षेत्र की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी से जुड़े गांवों में शुक्रवार को जुमे की नवाज को चौकी दबतोरी पुलिस पूरी तरह सर्तक रही। इसके अलावा संग्रामपुर, लक्ष्मीपुर, दबतोरा, पपंगाव में पुलिस के जवान मस्जिदों कै पास तैनात रहे। क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण पढ़ी गई। पुलिस ने राहत की सांस ली। कोतवाल बिसौली राजेंद्र सिंह पुंडीर और चौकी प्रभारी दबतोरी राम मेहर सिंह पुलिस के जवानों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे। शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

## आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर दम लेगी जनता : धर्मेंद्र यादव

**बदायूं, अमृत विचार :** सपा के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने सदर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निजी और राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ईद, होली, दीपावली, नवरात्रि जैसे त्यौहार हमारे देश व प्रदेश की गंगा जमुनी तहजीब को हमेशा से ही बढ़ावा देते आए हैं। ऐसे मौकों पर समाज का वर्ग आपसी मेलजोल की भावना से हर्षोल्लास के साथ सदियों से मनाता चला आ रहा है। अनंत कालस्वास तक मनाता रहेगा। वह मोतशाम सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, इंदु सक्सेना, काजी रिजवान, वकार अहमद, अहमद रज़ा, फरहत अली, फखरे अहमद शोबी के आवास पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और ईद व नवरात्रों की बधाई दी। पिछले कुछ समय से भाजपा और उनके नेताओं ने आपसी भाईचारा समाप्त करने का जो षड्यंत्र किया था उसे देश व प्रदेश की जनता समझ चुकी है। उसी का परिणाम था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा और अबकी बार चार सौ पार का नारा सिर्फ सपना बनकर रह गया। जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश की कमान देकर ही दम लेगी। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह यादव, कैप्टन अर्जुन, उदयवीर शाक्य, ओमवीर सिंह, जगत सिंह, अवधेश यादव, महेश सक्सेना, विनीश यादव, कविंद्र सक्सेना, सोनू यादव, सर्वेश यादव, अनिल आनंद, ओजराज सिंह, प्रभात अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जुमा की नमाज पर सक्रिय रही थाना पुलिस



**उसहैत, अमृत विचार :** शुक्रवार को कस्बे की मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ी गई। जुमे की नमाज के दौरान थाना पुलिस सक्रिय रही। जुमा की नमाज के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। नमाज शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई। नमाज के बाद थाना प्रभारी ने ईद का त्योहार सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का आवाहन किया।

## जिले में एक अप्रैल से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**बदायूं, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्र ने बताया कि जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अप्रैल महीने में विशेष अभियान चलाया जाएगा। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग भी मिलकर जागरूकता और रोकथाम के कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 मार्च तक माइक्रो प्लान तैयार कर लिया जाएगा और 30 मार्च को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक होगी। उन्होंने बताया कि अभियान की तैयारियों के तहत 23 व 24 मार्च को ब्लॉक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण बैठक, 24 से 27 मार्च तक नगर निकायों में संवेदीकरण बैठकें, 27 व 28 मार्च को ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी संवेदीकरण बैठकें होंगी। दस्तक अभियान से पहले 4 से 8 अप्रैल के बीच आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। प्रशासन ने सभी विभागों को समय से तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

## सौ रुपये की शर्त लगाकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** रुपये की शर्त लगाकर शराब के नशे में धुत एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। युवक को समझाकर टॉवर से नीचे उतरवाया और घर भेज दिया। मामला सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर बिलहरी का है। गांव के पास मोबाइल टावर लगा है। जिसके ऊपर एक झंडा लगा है। जिसे उतरने के लिए सौ रुपये की शर्त लगाकर नशे में धुत ओमपाल टावर पर चढ़ गया। ग्रामीणों के समझाने पर भी वह नहीं माना। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। युवक को जैसे तैसे नीचे उतारा। हिदायत देकर घर भेज दिया।

## प्रभु श्री राम-केवट के संवाद ने सभी का मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नेकपुर के भगवान परशुराम इंटर कॉलेज में चल रहे श्री राम कथा महोत्सव के आठवें दिन कथा वाचक रवि ने रामायण के अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने माता कैकेयी के कोप भवन जाने, राजा दशरथ और कैकेयी संवाद का मार्मिक वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने कहा कि जब माता कैकेयी कोप भवन में बैठकर राजा दशरथ से कठोर वर मांगती हैं लेकिन राजा दशरथ अपने वचन से पीछे नहीं हटते। वहीं प्रभु श्रीराम भी प्रसन्न मन से वनवास स्वीकार कर मर्यादा का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। जीवन में कठिन समय आए तो भी सत्य बोलना, कर्तव्य का पालन करना और वचन का पालन करना नहीं छोड़ना चाहिए। प्रभु श्री राम ने पिता की आज्ञा मानी और चुनौती स्वीकार की। असंभव कार्यों को भी संभव कर दिखाया। भगवान श्रीराम को बुलाने, राम-केकई और राम-दशरथ संवाद का वर्णन किया। श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन, श्रृंगवेरपुर में निषादराज की सेवा, लक्ष्मण और सुमंत्र की वापसी में केवट और श्रीराम संवाद श्रीराम का प्रयागराज स्थित भारद्वाज आश्रम पहुंचना, महर्षि वाल्मीकि से संवाद, चित्रकूट में निवास और वनवासियों कोल, भील और गिरिवासियों द्वारा सेवा जैसे प्रसंग सुनाते। मुख्य यजमान अवनेश सक्सेना, रामबहादुर पांडे, मुनीश वीके सक्सेना, वाचस्पति मिश्र, राहुल माहेश्वरी, आरके उपाध्याय, बासुदेव गुप्ता, विकास चौहान, विकास शर्मा, एनसी मिश्रा, केएल गुप्ता, संतोष वर्मा, संजू साहू, हरिओम आदि मौजूद रहे।



भगवान परशुराम इंटर कॉलेज में आयोजित श्री राम कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **मोहल्ला नेकपुर के भगवान परशुराम इंटर कॉलेज में की जा रही श्रीराम कथा**

## ब्रह्मचारिणी की भक्ति में डूबे भक्त मंदिरों में की पूजा

**ओरछी, अमृत विचार :** नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को समूचा ग्रामीण क्षेत्र शक्ति की भक्ति के सतरंगी रंगों में सराबोर नजर आया। भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में घंटा-घड़ियालों की गूंज सुनाई देने लगी, जो देर शाम तक जारी रही।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सिसरका खेड़ादास परमानंदपुर भवानीपुर अजीतपुर ओरछी दर्जनों गांव में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतारों में लगकर देवी माता के स्वरूप का दर्शन-पूजन किया। ग्रामीण अंचलों में उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्तों ने माता रानी के दरबार में माथा टेका और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। जिन परिवारों ने कलश स्थापना कर माता रानी को विराजमान किया है वहां सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है।


सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला

कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174


## आयु प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा आधार कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन पत्रों की स्वीकृति और वितरण को इंटरनेट आधारित प्रणाली के माध्यम से किए जाने के संबंध में आंशिक संशोधन किया गया है। शासन की ओर से नया निर्देश जारी किया गया है। जिसके अनुसार वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संपादित की जाएगी। जिसके लिए परिवार रजिस्टर की प्रति या जन्मतिथि अंकन वाले शैक्षिक प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि आयु प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगी।

डीएम अवनीश राय ने बताया कि शासनादेश में विशेष रूप से पेंशनरों की आयु निर्धारण की प्रक्रिया के संबंध में संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद नई व्यवस्था के अन्तर्गत आवेदक द्वारा आवेदन के समय निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप के सभी कॉलमों को भरना जरूरी होगा। आवेदन पत्र के साथ वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन के लिए आवेदक की आयु का प्रमाण-पत्र (परिवार/कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति) या शैक्षिक अर्हता से संबंधित प्रमाणपत्र, जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो देना होगा। डीएम ने कहा कि प्राप्त शासनादेश के अनुसार आवेदन के लिए आवेदक की आयु की गणना के लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु के प्रमाण के रूप में मान्यता न दिए जाने जाने का निर्णय शासन स्तर से लिया गया है।

## युवती से छेड़छाड़ के आरोपी पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से युवती के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। बिल्सी-उझानी मार्ग पर स्थित क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि 4 मार्च 2026 की रात करीब साढ़े आठ बजे पशुओं को खूंटे से बांध रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक ने पीछे से आकर उसकी पुत्री को बुरी नियत के चलते उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। चीख पुकार की आवाज सुनकर पीडित की पत्नी मौके पर आ गई। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। एसआई रामसेवक राठौर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## नवरात्रः मंदिरों में गूंज रहे माता के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। खराब मौसम के बीच मंदिरों में माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। नगला स्थित मां काली के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु कतारों में लगे रहे। श्रद्धालुओं माता का जयकारे लगा रहे थे। जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

शुक्रवार को नवरात्रि के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवरात्रि में शहर सहित देहात क्षेत्र के मंदिरों में खराब मौसम के बीच मंदिरों भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के नजदीक नगला स्थित मां काली के मंदिर में श्रद्धालु तड़के से ही लंबी कतारों में खड़े गए थे। मंगला आरती के बाद भक्तों ने मां के दर्शन किए। भक्तों ने फूल और मिठाई से मां को भोग लगाया। इसके साथ ही मां काली की आरती हुई। नगला स्थित मां काली के मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तों ने पूजा अर्चना की।



मां काली के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा अर्चना**

विदित रहे कि नवरात्रि से पूर्व शहर देवी मंदिरों को रंग-रोगन किया जा रहा था। इसके बाद उन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिरों के मुख्य द्वार पर रंग-बिरंगी झालर लगाई गई। वहीं मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## न्यूज डायरी



### मंदिरों में महिलाओं ने गाए माता रानी के भजन

**बिल्सी, अमृत विचार :** नवरात्र के दूसरे दिन नगर के हनुमानगढ़ी देवी मंदिर में शुक्रवार को भी भक्तों की काफी भीड़ रही। सभी ने मां ब्रह्मचारिणी के साथ ही अन्य देवियों का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित मां शीतला देवी मंदिर, नव दुर्गा देवी मंदिर, शिव शक्ति भवन, कुटीर मंदिर, देववाणी मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी माता रानी का जलाभिषेक किया। इधर नगर के मुख्य बाजार स्थित कुटी मंदिर एवं मोहल्ला संख्या दो स्थित नीलकंठेश्वर महाराज मंदिर में महिलाओं ने मां दुर्गा की आराधना कर भजनों को गाया। बताते है कि नवरात्र में जो भी महिलाओं मां के भजनों को गाती है, माता रानी उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करती है। इसलिए नवरात्र में भजनों का विशेष महत्व माना जाता है। इधर भक्तों ने मंदिर और घरों में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की।



### विधिवत पूजन आरती कर रासलीला का हुआ शुभारंभ

**उस्मानपुर, अमृत विचार :** दहगवां ब्लॉक क्षेत्र के गांव में पंडिरया में श्री कृष्ण लीला शुरू हुई है। कलाकारों ने बाल स्वरूप श्री कृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीणों ने राधा-कृष्ण की झांकियों पर पुष्प वर्षा की और जयकारे लगाए। भाजपा युवा नेता मयंक गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर रासलीला का शुभारंभ किया। कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान रासलीला प्रांगण परिसर में राधे-राधे और ' 'जय श्री कृष्ण के उद्घोष से गूंजता रहा। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत और लीला का आनंद लिया। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आयोजक पवन पाठक, प्रमोद पाठक, एवं श्री जगदीश गुप्ता समस्त ग्रामवासी रहे।



### पुलिस ने अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**बिल्सी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को तहसील रोड पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रभारी रचना देशवाल ने छात्राओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बच्चियों को महिला सुरक्षा कानूनों, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं उत्पीड़न से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। केंद्र प्रभारी रचना देशवाल ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में घबराने के बजाय सजग रहते हुए संबंधित विभागों से संपर्क करना चाहिए और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना बेहद आवश्यक है। महिला कांस्टेबल पूजा कुमारी और प्रियांशी तोमर ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कांस्टेबल राघवेन्द्र और विपिन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



### बल्लिया में शुरू हुई आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, निकली कलश यात्रा

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव बल्लिया में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। आयोजन पुष्पेन्द्र शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा पूर्व गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से बरी वाले महाराज से होकर होकर गांव में घूमते हुए परमेश्वरी सिंह शाक्य पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर सुंदर भजनों पर झूमते चल रही थीं। इसके बाद कथा शुरू हुई। जिसका शुभारंभ शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय युवा विकास संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सालारपुर रचित शाक्य ने फीता काटकर किया। इस मौके पर रामतीर्थ शाक्य, बेचें शाक्य, राजवीर शाक्य, नन्हें शाक्य, जगपाल शाक्य,फतेह राम शाक्य, अनिल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आशा वर्कर के साथ मारपीट, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** कुछ लोगों ने आशा वर्कर के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया निवासी ब्रज बहू देवी ने तहरीर देकर बताया कि वह नगर पंचायत में आशा वर्कर पद पर हैं। उनके पति मानसिक मंदित हैं। उनके बच्चे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। वह घर पर अकेली रहती हैं। गांव के दो दबंग लोगों ने 13 मार्च की शाम 5 बजे महिला से गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से महिला का पीटा। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### आत्महत्या को उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** कर्जदारों से परेशान होकर मोहल्ला ढाक वाली ज्यारत निवासी व मंडी समिति में फल का ठेला लगाने वाले सोनू शर्मा ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल की थी। जिसमें बताया था कि उन्होंने 20 हजार रुपये उधार लिए थे और असल से ज्यादा ब्याज दे चुके हैं। इसके बाद भी कर्जदार और रुपये मांग कर परेशान कर रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने विषाक्त पदार्थ खा लिया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को एक आरोपी पक्का बाग निवासी अनिल कुमार मौर्य पुत्र झब्बूलाल मौर्य को मंडी समिति के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को तमंचे सहित किया गिरफ्तार

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के तहत थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस चेकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी ब्रह्मचारी पुत्र छोटेलाल निवासी भगतपुर थाना इस्लामनगर का रहने वाला है, जो कि हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताया जा रहा है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# हमलावर के ताऊ पर तहसील में मुकदमा, ठोंका 45 लाख का जुर्माना

## एचपीसीएल के प्लांट पर दोहरे हत्याकांड मामले में प्रशासन की कार्रवाई, तहसील से नोटिस जारी




संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** दातागंज तहसील के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी के परिजनों पर शिकंजा कसना तेज कर दिया है। हत्यारोपी और उसके परिजनों की 11 दुकानों और एक मकान का ध्वस्तीकरण हो चुका है। अवैध रूप से लगाए जाने वाले बाजार में तय बाजारी बंद करा दी गई है। अब प्रशासन ने हत्यारोपी के ताऊ पर शिकंजा कसा है। ताऊ के खिलाफ तहसीलदार कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज कराया है। साथ ही 45 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च को उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की तीन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके जेल भेजा। हत्याकांड में उसके दो सहयोगी धर्मेंद्र यादव और मुनेंद्र विक्रम सिंह को जेल भेजा। पुलिस ने नोटिस चस्पा करके अतिक्रमण करके बनाई गई दुकानों को दो जेसीबी से ध्वस्त किया। अब पुलिस ने अजय प्रताप सिंह और उसके परिजनों की संपत्ति की जांच तेज की है। जिस जमीन की जांच की जा रही है। वह अजय प्रताप सिंह के ताऊ राकेश सिंह की निकल रही है। राकेश ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके दुकानें बनवाई हैं। शुक्रवार को तहसील प्रशासन ने डहरपुर-म्याऊं मार्ग स्थित सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके 26 दुकानों बनवाने पर धारा 67 के अंतर्गत नोटिस भेजे हैं। सभी नोटिस राकेश सिंह के पते पर भेजे गए हैं। साथ ही राकेश सिंह के खिलाफ दातागंज तहसीलदार कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



सैंजनी स्थित एचपीसीएल का प्लांट।


सैंजनी में निर्माणाधीन एचसीएल के प्लांट में लिखे सुरक्षा के संदेश।

> आरोपियों की संपति की जांच कराई जा रही है। मुख्य हत्यारोपी के ताऊ को सरकारी जमीन पर कब्जा करके दुकानें बनवाने पर धारा 67 के अंतर्गत नोटिस जारी कर तहसील कोर्ट में मामला दर्ज कराया है। 45 लाख का जुर्माना ठोंका है।
> – **धर्मेंद्र कुमार**, एसडीएम दातागंज

### संरक्षा और सुरक्षा को जागरूक करने वाले प्लांट पर लगा हत्याकांड का 'कलंक'

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं, अमृत विचार : **तहसील दातागंज में भारत सरकार के उपक्रम हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बायोमास आधारित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उद्घाटन किया था। प्लांट में गेट से लेकर भीतर तक जागरूकता संदेश लिखे गए। जिसमें एक संदेश सुरक्षा संबंधी भी था लेकिन यहां दोहरे हत्याकांड का धब्बा लग गया। दातागंज क्षेत्र में डहरपुर से म्याऊं मार्ग स्थित गांव सैंजनी से दो किमी दूर एचपीसीएल का प्लांट बनाया गया। जिससे क्षेत्र के विकास की उम्मीद थी कि लोगों को क्षेत्र के किसानों को रोजगार मिलेगा और उनकी अनुपयोगी पराली को उपयोगी बनाया जा सकेगा। यह प्लांट शुरू से ही गुटों में बंट गया। प्लांट पर कर्मचारियों में राजनीति शुरू हो गई। धीरे-धीरे विवाद शुरू हो गए। जबकि वहां लिखे जागरूकता संदेश का कोई फर्क नहीं पड़ा। सैंजनी से प्लांट तक पहुंचने पर शुरू में लिखा है कि जितनी ज्यादा सुरक्षा, उतनी कम दुर्घटना। प्लांट की चारदीवारी पर ट्रांसफार्मर के पास साफ स्थान, सुरक्षित स्थान लिखा गया है। इसके अलावा प्लांट के मेन गेट पर जागरूकता संदेश लिखा है कि सुरक्षा हमारा नारा है, जिंदगी से प्यारा है। इसके अलावा अन्य कई जागरूक करने वाले संदेश लिखे गए हैं।**

### हर्षित के परिवार से मिले केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बदायूं में एचपीसीएल प्लांट में हुए डबल मर्डर केस में जान गंवाने वाले हर्षित मिश्रा के परिवार से पूरनपुर पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान परिजनों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग दोहराते हुए कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष रखे। इस पर उन्होंने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री के हर्षित मिश्रा के पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित आवास पर पहुंचने के बाद हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा और भाई वैभव मिश्रा ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों ने एक लिखित पत्र भी सौंपा। मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा। हर्षित की मां से भी जितिन प्रसाद ने बात की, जिन्होंने बेटे के हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सीबीआई जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, परिवार की ओर से वैभव मिश्रा के जोधपुर से नजदीकी स्थान पर स्थानांतरण की मांग भी रखी गई, जिस पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उधर, प्रशासनिक स्तर पर भी परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। विधायक बाबूराम पासवान ने मृतक के पिता सुशील मिश्रा को राइफल और भाई वैभव मिश्रा को रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया। इस दौरान एसडीएम अजीत प्रताप सिंह समेत अफसर और भाजपा नेता मौजूद रहे।


परिवार से वार्ता करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सीएम को पत्र भेजकर की सीबीआई जांच की मांग:** बदायूं, अमृत विचार : कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार इस दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मृतक हर्षित मिश्रा के परिजन एसआईटी जांच से संतुष्ट नहीं है। वह लगातार मांग कर रहे हैं। एचपीसीएल के अधिकारियों ने भी सीबीआई जांच के लिए आग्रह किया है। कहा कि जिस तरह प्लांट पर हत्यारोपियों और उसके परिजनों को कब्जा था और आसपास साम्राज्य फैला था। वह संरक्षण के बिना संभव नहीं है। ऐसे में एसआईटी और मूसाझाग पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं है। सीबीआई जांच में सच्चाई सामने आ सकती है और शोकाकुल परिवार को न्याय मिल जाएगा।

# गैस होते हुए भी सिलेंडर की रही मारामारी

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नगर में भारत और इंडेन की गैस एजेंसी संचालित हैं। इन एजेंसियों पर दिन भर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार देखी गई। जबकि इनके संचालकों के द्वारा पर्याप्त मात्रा में सिलेंडरों होने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

गैस आपूर्ति को जारी रखने में सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। गैस एजेंसियां भी आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होना बता रही हैं। लेकिन उपभोक्ता एक सिलेंडर को लेने को परेशान दिख रहे हैं। शुक्रवार को भी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लम्बी कतारें देखी गईं। बारिश के बीच लोग सिलेंडर पाने के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए। सिलेंडर की लाइन में लगे उपभोक्ता काला बाजारी, अव्यवस्था, और वीआईपी कल्चर का आरोप एजेंसी संचालकों पर लगाते रहे। उनका कहना था कि कुछ लोग कुछ ही देर में सिलेंडर ले जाते हैं। वह दिन भर लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। उपभोक्ता केवाईसी के तरीकों पर भी सवाल उठाते रहे। उपभोक्ताओं ने कि इंडेन एजेंसी पर दो काउंटर खोले जाने की मांग की है। शुक्रवार को सिलेंडर पाने के लिए मारामारी रही। कई उपभोक्ता थक्का मुक्की के कारण एजेंसी के बराबर में बह रहे नाले में गिर गए। जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एजेंसी पर पुलिस बल तैनात है। इस मारामारी के बीच मात्र सौ सिलेंडर का वितरण किया गया।


एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

# निधि सुसाइड केस में नया मोड़, प्रेमी पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राधेश्याम एन्क्लेव में डॉक्टर के घर पर फांसी लगाकर कर ली थी आत्महत्या
- पिता का आरोप, ऑडियो-वीडियो वायरल करने की धमकी से तनाव में थी बेटी
- एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने प्रेमी रूपेश के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में डॉक्टर के घर काम करने वाली युवती के आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी रूपेश जाटव के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पिता का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को ऑडियो-वीडियो के जरिये डराता था।

बदायूं जिले के थाना दातागंज निवासी वेदराम गौतम की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि उनकी पुत्री राधेश्याम इन्क्लेव में डॉक्टर के आवास पर रहकर घरेलू कार्यों में हाथ बंटाती थी। इसी दौरान बदायूं के गांव पहऊवा निवासी रूपेश जाटव ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि परिजनों के विवाह प्रस्ताव रखने पर आरोपी मुकर गया, लेकिन युवती को लगातार परेशान और बहलाता रहा। आरोप है कि रूपेश के पास युवती की कुछ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग थी, जिनके जरिये वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। साथ ही आरोपी के अन्य महिलाओं से भी संबंध थे, जिससे पीड़िता मानसिक तनाव में थी।

वेदराम के मुताबिक 21 जनवरी 2026 को उनकी बेटी ने डॉक्टर के आवास पर कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। घटना की जानकारी तब हुई जब डॉक्टर की बेटी व अन्य कर्मचारी ऊपर देखने पहुंचे थे। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने रूपेश के दुर्व्यवहार और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ही यह आत्मघाती कदम उठाया। पोस्टमार्टम और पंचनामे की कार्रवाई के बाद, पीड़ित पिता ने न्याय की गुहार लगाई थी।

### पोस्टमार्टम : गंभीर रक्तस्राव से हुई थी मोर की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** गंभीर रक्तस्राव से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हुई थी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में मोर के पोस्टमार्टम में यह बात सामने आई है। दरअसल, बदायूं-बिसौली हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने मोर को टक्कर मार दी थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। हाईवे अथॉरिटी ने मामले की सूचना आईवीआरआई को दी। इसके बाद मोर का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पांवड़े के नेतृत्व में हुए पोस्टमार्टम में मोर के शरीर में गंभीर आंतरिक चोटों का खुलासा हुआ। डॉ. पांवड़े ने बताया कि मोर के किडनी, लिवर फटे पाए गए। गंभीर रक्तस्राव उसकी मौत का कारण बना।

# नवोदय में चयनित छात्र सम्मानित


चयनित छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक ● अमृत विचार

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहा स्थित संविलियन प्राथमिक विद्यालय के छात्र प्रियांश देव आर्य का जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। छात्र के चयन होने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रधानाचार्य अवधेश पाठक एवं पंकज सहित समस्त स्टाफ ने छात्र प्रियांश देव आर्य को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही अन्य छात्रों को प्रियांश देव की तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रियांश देव आर्य की माता गृहिणी हैं, जबकि पिता दीपेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम के दौरान नीरज शर्मा, हरि भगवान गुप्ता, विजय शर्मा, अजय शर्मा, रामेश्वर शाक्य, मोनिका, शशि वाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ओरछी चौराहे पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**ओरछी, अमृत विचार:** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने शुक्रवार को ओरछी चौराहे पर संघन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान विशेष पुलिस ने संदिग्धों की तलाशी ली। साथ ही लापरवाही बरतने वाले बाइक सवारों को कड़ी हिदायत दी। दरोगा दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना हेलमेट और बाइक पर तीन सवारी बैठकर चलने वालों को रोककर समझाया और नियमों के बारे में बताया।

## नवोदय परीक्षा में अनमोल ने 90 अंक हासिल कर पाई 34वीं रैंक

**बिल्सी , अमृत विचार:** विकास खंड सहसवान क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिचौला के छात्र अनमोल पुत्र अवधेश कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 अंक प्राप्त कर 34वीं रैंक हासिल की है। छात्र की इस सफलता से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक सविता ने बताया कि अनमोल शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उसने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। बताया कि इस सफलता में सहायक अध्यापक मानसी वर्मा एवं सुमित कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। बताया कि अनमोल के बड़े भाई सुमित भी इसी विद्यालय के छात्र रह चुके हैं और उन्होंने भी पूर्व में नवोदय परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया था।


छात्र अनमोल

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**उघैती, अमृत विचार:** कस्बा के रघुनाथपुर पिपरी रोड पर स्थित बाला जी इंटर कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना उघैती की मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एसआई हरवीर सिंह, महिला कांस्टेबल सरिता चौधरी, महिला कांस्टेबल प्रतिभा शर्मा, होमगार्ड उर्मन सिंह तथा सीसी होमगार्ड राजेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

# राज्यस्तरीय कार्यशाला में लगाएंगे पोस्टर-स्लोगन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले के एआरटीओ हरिओम को सौंपे गए पोस्टर

**अमृत विचार :** परिवहन आयुक्त की ओर से सड़क सुरक्षा में स्काउट गाइड की भूमिका पर विषय पर लखनऊ में 23 से 25 मार्च तक राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। साथ ही प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें वालंटियर, जिला संगठन कमिश्नर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त, ट्रेनिंग काउंसलर प्रतिभाग करेंगे। हर प्रतिभागी सड़क सुरक्षा से संबंधित एक पोस्टर और छह स्लोगन तैयार कर पहुंचेंगे।

जिले की ओर से जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर आकर्षक पोस्टर तैयार कर एआरटीओ हरिओम को दिए। एआरटीओ कार्यालय से यह पोस्टर बरेली जाएंगे और वहां से लखनऊ भेजे जाएंगे। जिला संगठन कमिश्नर के नेतृत्व में जिला प्रशिक्षण आयुक्त सतपाल गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय रायपुर की प्रधानाध्यापिका अंबिका सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनी महेरा की सहायक शिक्षिका कंचन सक्सेना कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगें।



एआरटीओ हरिओम को पोस्टर देते स्काउट-गाइड संस्था के पदाधिकारी।

# शहजादनगर से रजलामई के बीच सोत नदी पर बनाया जाएगा पुल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिल्सी विधायक के प्रस्ताव पर लगी मुहर, शासन से 14.38 करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार :** विधानसभा बिल्सी के विधायक हरीश शाक्य के प्रयास से क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। गांव शहजाद नगर से रजलामई संपर्क मार्ग पर सोत नदी पर पुल बनाने के लिए शासन से 14 करोड़ 38 लाख 34 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिसके बाद दर्जनों गांवों का आपसी समन्वय और आवागमन बेहतर हो जाएगा। सबसे ज्यादा लाभ किसानों को मिलेगा।

इस मार्ग पर सोत नदी पर पुल न होने की वजह से ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या सामने आने पर विधायक ने मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा था।

जिसे स्वीकृति मिल गई है। इस धनराशि से पुल का निर्माण होगा। साथ ही पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। साथ ही सुरक्षात्मक कार्य भी होंगे। इस पुल का निर्माण न केवल ग्रामीण जनजीवन को सुगम बनाएगा, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सशक्त करेगा। विधायक हरीश शाक्य ने बताया कि वह जमीन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने में विश्वास रखते हैं। आम जनमानस के हितों का ध्यान रखते हुए दैनिक जरूरतों जैसे बिजली ,पानी ,सड़क शिक्षा ,स्वास्थ्य इन सब की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए प्रयास लगातार किया जा रहा है। कहा कि सुदृढ़ सड़क व्यवस्था क्षेत्र की प्रगति का आधार होती है।

बिल्सी विधानसभा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का यह संकल्प लेकर वह निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की हर समस्या उनकी नजर में है। जिसके निराकरण का प्रयास कर रहे हैं। जनता के हर भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिली है।


हरीश शाक्य, विधायक।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING
Pilibhit Bypass road, Bareilly. (U.P.) 243006

VACANCY ANNOUCEMENT

1. Assistant Professor – Oncology Specialty Nursing
- Number of Post: 01 (M.Sc. Nursing with Medical Surgical Nursing - Oncology Specialty Nursing)

2. Nursing Tutor – Oncology Specialty Nursing
- Number of Post: 01 (Post Basic Diploma in Oncology Specialty Nursing with Basic B.Sc. (Nursing) / P.B.B.Sc. (Nursing)
- Experience: Minimum three (03) years of experience for both the posts.

Eligible candidates are requested to send your resume to
E-mail:rcnbareilly11@gmail.com
Mobile No. : 9368382930, 9520876133



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने पुत्र रोहित व उसकी पत्नी नीरज कश्यप को गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। भविष्य में मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं रहेगा।
श्रीमती द्रोपती पत्नी स्व. राम लाल
निवासी म.सं. 78 संजय नगर, बरेली

आवश्यकता है
लोहे के सामान एंगिल, पाइप, पत्ती, चादर की बिक्री हेतु अनुभवी अथवा फ्रेशर मुनीम की
सैलरी दस से बीस हजार
सम्पर्क करें प्रातः 9 से सायं 7
श्री वर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेमनगर, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**न्यूज ब्रीफ**

### ग्राम प्रधान के निधन पर जताया शोक

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव घुरीखास के प्रधान भदईलाल का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। वह 50 वर्ष के थे। लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने घर पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। सचिव इबरार समेत साथी प्रधानों और समर्थकों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गजरौला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री को गुरुवार रात करीब गांव का हरिओम शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया। उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। आरोप है कि इस पूरी घटना में युवक के पिता गेंदनलाल और माता मुन्नी देवी का भी सहयोग रहा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

**नवरात्र विशेषकोरोना के संकटकाल में फूंकी इरादों में जान, स्वयं सहायता समूह बनाकर दिया तमाम महिलाओं को काम, करोड़ों का टर्न ओवर**

# अन्नपूर्णा बनकर क्षितिज पर छाई बरेली की कुसुम, आधी आबादी का दिखा रहीं दमखम





स्वयं सहायता समूह में काम करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


समूह संचालिका कुसुम।

**महिपाल गंगवार, बरेली**

**अमृत विचार:** बेटियों की उड़ान है, जो छू रहीं आसमान हैं। ये कहानी पढ़ते-पढ़ते सफलता के सोपान चढ़ने वाली बरेली की बेटी कुसुम की है, जिन्होंने महिलाओं के सम्मान एवं संपन्नता के लिए नए रास्ते खोल डाले हैं। कोरोना संकटकाल में जब हर तरफ काम-धंधे ठप हो रहे थे और देश-परदेश से लोग बेरोजगार होकर लौट रहे थे। विषम हालात में किसान की बिटिया ने स्वयं सहायता समूह बनाकर सबको जीने की नई दिशा दिखाई। महिलाओं को जोड़ा और कारवां बनता चला गया। अब करोड़ों के टर्न ओवर के साथ कुसुम का 'अन्नपूर्णा ग्रुप' आधी आबादी का दम दिखा रहा है और लखनऊ-दिल्ली तक ख्याति पा रहा है। बरेली में बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांव ग्राम गुरसौली की रहने वाली कुसुम के सपनों की उड़ान देखकर लोग उसे 'अन्नपूर्णा' कहते हैं तो प्रशासनिक हलकों में पहचान 'गन्ना गर्ल' की बन चुकी है। गन्ना उत्पादक क्षेत्र में रहने वाला कुसुम का परिवार खेती-किसानी से जुड़ा है और उसकी उम्र अभी 25 साल है। वह पोस्टग्रेजुएशन करने के साथ 'अन्नपूर्णा'नाम से महिला स्वयं सहायता समूह चला रही हैं। समूह से स्वावलंबन तक का सफर गांव की लड़की ने महज पांच बरस में पूरा करके दिखाया है।

खेत-खलिहान को करीब से जानने-समझने वाले कुसुम पहले ग्रेजुशन कर आगे की पढ़ाई की तैयारी में थी। अचानक कोरोना त्रासदी ने सबकी जिंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए थे। एक तो महामारी, ऊपर से आर्थिक संकट ने आम लोगों को बड़ी मुसीबत में डाल रखा था। कुसुम ने गांव में कितने ही परिवारों को रोजी-रोटी के संकट से जूझता देखा तो उसने कुछ नया करने का फैसला ले डाला। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वह घर से बाहर निकलीं और गन्ना विभाग की मदद से 11 महिलाओं को साथ लेकर स्वयं सहायता समूह बनाया। उनके समूह ने गन्ने की उन्नत नर्सरी तैयार करना शुरू कर दी। बर्मी कंपोस्ट से हर पौधे में नई जान फूंकने का काम किया। देखते-देखते उनकी मेहनत रंग लाने लगी। छोटा से प्रयास ने गांव में स्वरोजगार आंदोलन का रूप ले गया। कुसुम की कामयाबी चर्चे सरकार तक जा पहुंचे।

कुसुम के कौशल व हौसले को देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें दो बार सम्मानित कर चुके हैं। पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की 11 चुनिंदा महिलाओं के साथ और दूसरी बार उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें वर्ष 2022-23 गौरव प्रदान किया गया। गन्ना आयुक्त ने भी राज्य में नंबर-1 पौध वितरण पर कुसुम का सम्मान किया है।

कुसुम के समूह में इस समय 21 महिलाएं हैं और उनकी कामयाबी देखकर आसपास के गांवों में भी समूह खड़े होते जा रहे हैं। 'अमृत विचार' से बातचीत में कुसुम ने कहा कि लक्ष्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि अभावों से जूझते परिवारों के आंगन में संपन्नता के दीप जलाना है। बाहर जाकर नौकरी करने की जगह अपने गांव में रोजगार के अवसर पैदा कैसे पैदा किए जा सकते हैं, उदाहरण सामने है।

## मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** ग्राम जोगीठेर निवासी राकेश कुमार की पुत्री पूजा देवी ने बताया कि उसकी शादी 15 जून 2020 को मोहम्मदपुर भजा गांव निवासी सूरजपाल से हुई थी। पति सूरजपाल, सास ओमवती, ससुर प्यारेलाल सहित अन्य ससुरालिये अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करते थे। बेटियों को पढ़ाने के लिए मायके से रुपये लाने को दबाव बनाते थे। पांच मार्च को पति सूरजपाल, सास ओमवती, ससुर प्यारे लाल, जेठ टीकाराम, प्रेम शंकर, देवर वेदपाल, करन, जेठानी पिंकी, सरिता, देवरानी पप्पी, ननद पिंकी, मधु, नंदोई रूप किशोर दस अज्ञात लोगों संग आए और मारपीट की। मायके वालों को भी पीटा।

# मझोला-दियूनी डैम रोड अधूरा, सफर मुश्किल

**दो माह पूर्व शुरू कराया गया था काम, उड़ते धूल के गुबार से मुसीबत बरकरार, दुकानों पर रखे सामान पर जम रही मिट्टी की परत**

**संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)**


दियूनीडैम रोड पर कस्बा मझोला की सड़क। ● अमृत विचार


वाहन गुजरने के बाद इस तरह उड़ती है धूल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दियूनीडैम-मझोला रोड का निर्माण कार्य दो माह बाद भी पूरा नहीं हो सका है। आधे -अधूरे कार्य की वजह से विकास कार्य राहत कम परेशानी अधिक बन चुका है। राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं, व्यापारियों का दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो चुका है। एक तरफ उड़ती धूल और सीमेंट के गुबार से बीमारी का डर बना हुआ है। साथ ही दुकान पर रखे सामान के खराब होने की भी चिंता बनी हुई है।

बता दें कि जिलेभर में सड़कों का जाल फैलाया जा रहा है। कई स्थानों पर काम तो शुरू कर दिए गए लेकिन सुस्ति गति की वजह से उनको समय रहते पूरा नहीं किया जा सका है। इसी क्रम में मझोला दियूनी डैम रोड का निर्माण कार्य भी दो माह पूर्व शुरू कराया गया था। मझोला बाजार के पास सड़क नहीं बन सकी है। वहां पर निर्माण सामग्री के ढेर लगे हुए हैं। अव्यवस्थित तरीके से फैले मिट्टी सीमेंट के ढेर के चलते व्यापारियों और राहगीरों की मुश्किल बढ़ चुकी है। दो माह पूर्व जब काम शुरू कराया गया था, उस वक्त तो तमाम दावे किए गए लेकिन इसके बाद कोई समस्या के समाधान की सुध नहीं ले रहा है। वर्तमान में आलम ये है कि मार्ग पर सफर करने वाले राहगीर भी बच रहे हैं, व्यापारी भी दिनभर परेशान हो रहे हैं। सड़क पर पड़ी सीमेंट और धूल उड़कर दुकानों के अंदर पहुंच रही है। न केवल सामान खराब हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य को लेकर भी असुविधा हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी परेशान है। इस मार्ग से गुजरने भर से उनकी ड्रेस गंदी हो जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई लेकिन ठोस समाधान नहीं निकला है।

### ब्रेकर बन गए वाहनों के लिए हादसों का सबब

कस्बा मझोला के मुख्य बाजार में बनाए गए स्पीड ब्रेकर के भी मानकों के विपरीत बनाए जाने की बात नागरिकों ने कही है। उनका कहना है कि यह मार्ग नेशनल हाईवे से जुड़ा होने के कारण दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। रात के समय जब ट्रक समेत अन्य भारी वाहन इन ब्रेकरों से होकर गुजरते हैं, तो आसपास के मकानों में तेज कंपन महसूस होता है। प्रशासन से मांग की है कि इन ब्रेकरों की ऊंचाई और संरचना की जांच कर उचित सुधार किया जाए।

## मेला देखकर लौट रहे युवक की वाहन की टक्कर से मौत

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** मेला देखकर लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसे टककर मार दी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

हादसा न्यूरिया थाना क्षेत्र के मडरिया-बिथरा मार्ग पर गुरुवार देर रात हुआ। न्यूरिया क्षेत्र के गांव फुलहर निवासी 24 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र हरप्रसाद पड़ोस के गांव हाशिमपुर में गुरुवार को अपने साथी दीपक कुमार के साथ मेला देखने गए थे। देर शाम दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मडरिया-बिथरा मार्ग पर किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी दीपक मामूली रूप से चोटिल हुआ। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल संजीव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे बरेली रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के हाथों आज सम्मानित होंगे दो वन अफसर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **तीन दशक से कब्जे में चली आ रही वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में निभाई थी भूमिका**

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर के उप प्रभागीय वनाधिकारी समेत दो वन अफसर शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हाथों सम्मानित होंगे। यह सम्मान दोनों वन अफसरों को पिछले तीन दशकों से अवैध कब्जे में चली आ रही वन भूमि को बगैर किसी विरोध कब्जामुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दिया जाएगा।

विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में 21 मार्च को लखनऊ में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पौधरोपण, वन एवं वन्यजीव संरक्षण, वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने, अवैध कटान पर प्रभावी कार्यवाही, वन एवं वन्यजीव अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, वनाग्नि नियंत्रण, मानव-वन्यजीव संघर्ष से संबंधित उत्कृष्ठ कार्य करने वाले वन अफसरों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना है। टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से उप प्रभागीय वनाधिकारी पूरनपुर रमेश चौहान एवं दियोरिया रेंज के रेंजर लल्लनस्वरूप दीक्षित द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में किए गए योगदान पर दोनों वन अफसरों के नाम शासन को भेजे गए थे। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक विश्व वानिकी दिवस पर लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एक संस्थान में उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान और दियोरिया रेंजर लल्लनस्वरूप दीक्षित को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। बताते हैं कि दोनों वन अफसरों को यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों दिया जाएगा। बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व बनने के बाद शाहजहांपुर वन प्रभाग की खुटार रेंज से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दियोरिया रेंज को हस्तांतरित वन भूमि पर अवैध कब्जा चला आ रहा था। पिछले तीन दशक से अवैध कब्जे में चली आ रही 19.04 हेक्टेयर वन भूमि को बीते 27 फरवरी को पुलिस प्रशासन के सहयोग से बगैर किसी विरोध के अतिक्रमणमुक्त कराया गया है। इसी वन भूमि को मुक्त कराने में इन दोनों वन अफसरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### पीटीआर की बहुप्रतीक्षित कॉफी टेबल बुक का भी सीएम करेंगे विमोचन

जनपद समेत देशवासी जल्द ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन एवं वन्यजीवों को एक पुस्तक में देख सकेंगे। दरअसल टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से पिछले करीब डेढ़-दो साल से एक काफी टेबल बुक तैयार कराने में जुटा था। इस काफी टेबल बुक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थल, वन एवं वन्यजीवन से जुड़ी तमाम तस्वीरें उनके विवरण के साथ प्रकाशित की गई है। खास बात यह है कि काफी टेबल बुक में प्रकाशित अधिकांश फोटो देश के नामचीन वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफरों से लिए गए हैं। इस काफी टेबल बुक में उन सभी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफरों की तस्वीरें भी प्रकाशित की गई हैं। कॉफी टेबल बुक को तैयार कराने में डिप्टी डायेक्टर मनीष सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 21 मार्च को लखनऊ में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टाइगर रिजर्व की काफी टेबल बुक का भी विमोचन करेंगे।

# कुशीनगर के निकले सेवानिवृत्त शिक्षक को लूटने वाले लुटेरे, दो गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


जहानाबाद पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए लूट के आरोपी।

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त शिक्षक से हुई लूट की घटना करने वाले कुशीनगर के निकले। जहानाबाद पुलिस ने सुरागरसी के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक कार और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। एएसपी विक्रम दहिया ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया है।

घटना 9 मार्च को हुई थी। जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम कनाकोर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम बिहारी लाल पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद ने घटना के दिन सुबह करीब 11 बजे खमरिया पुल स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से उन्होंने 20 हजार रुपये निकाले। इसके बाद नजदीक में ही स्थित जनसेवा केंद्र से तीन हजार रुपये और निकाले थे। कुल 23 हजार रुपये उन्होंने रख लिए। इसके बाद पीलीभीत जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठने ही जा रहे थे कि सफेद रंग की कार आकर रुकी। कार चालक ने खुद को उनका पूर्व छात्र बताते हुए लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाया। कुछ दूर चलने के बाद कार में तीन लोग और सवार हो गए थे। जतीपुर नर्सरी के आगे से शिवपुरिया गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर नहर पुलिया के पास कार रोक चारों आरोपियों ने 23 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने अज्ञात कार सवार चार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी सुकीर्ति माधव ने तीन टीमें गठित की। सुरागरसी के बाद पुलिस ने शुक्रवार को व्यापार मंडल तिराहे से जहानाबाद की तरफ जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास से चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को धर दबोचा। दोनों कुशीनगर जिले के थाना कसया क्षेत्र के ग्राम अहरौली के रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र रामभरोसा और मोईनुद्दीन पुत्र मकसूद निकले। उनके पास से एक कार और तीन मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ के बाद पुलिस ने अन्य दो आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। अब उनकी धरपकड़ के लिए टीम प्रयास कर रही है।

> जहानाबाद क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक से बीते दिनों हुई लूट की घटना में दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम लगी हुई है। ये संगठित गिरोह असहाय और उम्रदराज लोगों को निशाना बनाता था।
>
> – **विक्रम दहिया**, एएसपी


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः—

**क्रम सं.-1,** ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2026-01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,45,36,591.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,72,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस) माह।

♦बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 27-03-2026 ♦उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:00 बजे तक। ♦उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 10-04-2026, 15:30 बजे। ♦निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-519

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**ग्राम पंचायत नवादा इमामाबाद विकास खंड भदपुरा जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नवादा इमामाबाद को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यों के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से उच्च कोटि की ईट, बजरी, सरिया, सीमेन्ट, रोडा, टीन, बजरफुट व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 21.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यों का विवरण:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मास्टर कृष्णपाल के मकान से PWD रोड तक सी.सी. रोड और नाली निर्माण कार्य | 112 मी. | 394700/- |

ग्राम प्रधान-कुलदीप गंगवार सचिव-नरेश पाल सागर

**कार्यालय ग्राम पंचायत लखोहा, वि.ख. तिलहर, शाहजहांपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 ग्राम पंचायत लखोहा में ग्राम निधि एवं मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ग्राम निधि कार्य**

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | देव कुमार के घर से रामऔतार के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य |
| 2. | प्रदीप के घर से विरपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य |

**मनरेगा कार्य**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | नन्द किशोर के घर से पप्पू बी.डी.सी. के फाटक तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 70 मी. चौड़ाई-2.10 | 2.90 लाख |

सीलबन्द निविदाएं दिनांक 21.3.2026 से दिनांक 23.3.2026 तक दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 23.3.2026 को अपरान्ह 3 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

सुधीर गंगवार-ग्राम प्रधान सचिव-अशोक गंगवार

सेक्शन-1

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।**

(पता :– कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 1655 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनांक :– 12.03.2026

–: मैनुअल निविदा सूचना :–

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से मोहरबन्द निविदायें मैनुअल टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराषि बिड.सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधायक निधि – शेखूपुर। | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | महान सम्राट अशोक स्मृति द्वार ग्राम ककोडा रोड धौकन नगला मार्ग पर (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 2. | बदायूँ | जय गुरुदेव प्रेरणा द्वार ग्राम कुलचौरा (जगत)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 3. | बदायूँ | फूलन देवी पूर्व सांसद स्मृति द्वार ग्राम भकौडा के पास (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 4. | बदायूँ | कोतवाल धन सिंह गुर्जर स्मृति द्वार स्वंतत्रता संग्राम सैनानी ग्राम रेवा चौराहे के पास (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 5. | बदायूँ | स्वामी नित्यानंद महाराज प्रेरणा द्वार निजी दातव्य परम धाम केशवपुरी नसरुल्लापुर रोड ब्लाक बमनौसी (उझानी)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 6. | बदायूँ | शहीद अशफाक उल्ला खाँ स्मृति द्वार ककराला में उसहैत रोड पर (म्याऊँ)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 7. | बदायूँ | श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार स्मृति द्वार ग्राम बमनौसी (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 8. | बदायूँ | बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम जोरी नगला (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 9. | बदायूँ | सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार ग्राम गुलडिया (जगत)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 10. | बदायूँ | डा0 ए0पी0जे0 कलाम पूर्व राष्ट्रपति स्मृति द्वार ग्राम रमजानपुर (कादरचौक)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 11. | बदायूँ | श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार स्मृति द्वार ग्राम परवीन नगला तिराहे पर (उसावां)। | 4.939 | 0.10 | 677.00 | 03 माह |
| 12. | बदायूँ | गायत्री मंदिर ग्राम लौहडा बहेडी गली 80 मी0 इण्टरलाकिंग का कार्य (उझानी)। | 5.532 | 0.11 | 766.00 | 03 माह |

2. कार्यालय में निविदा विक्रय की तिथि :– 24.03.2026 से 22.04.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक।
3. मोहरबन्द निविदा प्राप्ति (डालने) के लिए अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 23.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ/कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण कविभाग, परिमण्डल–बरेली/कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।
4. प्राप्त मोहरबन्द निविदायें खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे ।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि अधिक जानकारी के लिए विभागीय वैबसाईट http://upred.gov.in पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बदायूँ।
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से।

UP - 248615 दिनांकः 19/03/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर**

**पत्रांक :– 1435/352सी/ई–टेण्डर–सी0खी0/2025–26** **दिनाँक :–17.03.2026**

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदया उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में सेतु कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/नि0खं0–3 | रूरा सुल्तानपुर सम्पर्क मार्ग के कि0मी0–2 में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 3X5.00 मी0 स्पान की बाक्स कल्वर्ट का निर्माण, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 102.50 | 7.13 | 2715.00 | 12 माह | A & B |
| 2 | खीरी/नि0खं0–3 | परसपुर लगदहन बाजपुर सम्पर्क मार्ग के कि0मी0–6 में क्षतिग्रस्त रपटा पुल के स्थान पर 5X5.00 मी0 स्पान की बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 180.00 | 11.00 | 2715.00 | 12 माह | A & B |
| 3 | खीरी/नि0खं0–3 | कोरियाना सम्पर्क मार्ग के कि0मी0–1 में स्थानीय नाले की सकरी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 3X5.00 मी0 स्पान का लघु सेतु (बॉक्स कल्वर्ट), पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य। | 109.50 | 7.50 | 2715.00 | 12 माह | A & B |
| 4 | खीरी/नि0खं0–3 | कोठिया कलाँ सम्पर्क मार्ग के कि0मी0–1 में स्थित क्षतिग्रस्त सकरी आर्च कल्वर्ट के स्थान पर 3X5.00 मी0 स्पान की बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 92.00 | 6.60 | 2715.00 | 06 माह | A & B |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनाँक 23.03.2026 से 28.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनाँक 28.03.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनाँक 28.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अनिल कुमार यादव)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0,
लखीमपुर–खीरी।

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर

**UP-248724 दिनांक 20.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा जागरण का आयोजन होगा आज

**तिलहर, अमृत विचार** : नगर के में घोड़ी वाले बाबा मंदिर के निकट शनिवार को प्रथम दुर्गा जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व सभासद व व्यापारी मोहित गुप्ता ने बताया कि पंडित अंकित मिश्रा के सानिध्य में शनिवार रात आठ बजे माता भगवती दुर्गा देवी की भव्य आरती से पूरी रात्रि का जागरण का शुभारंभ होगा ।वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक अमन मिश्री, लखनऊ की भजन गायिका सोनम मिश्रा, बरेली के भजन गायक चित्रांश नमन और शाहजहांपुर के गायक सुप्रीत दीवाना मातारानी की सुंदर भेंटों को सुनाएंगे।

### ट्रेन में यात्री का लैपटाप और बैग चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : हरियाणा के पटेलनगर निवासी आदित्य कुमार जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 दिन पूर्व गरीब नवाज एक्सप्रेस से बलिया से गुड़गांव जा रहा था। उन्होंने अपना बैग बर्थ पर रख दिया था। रास्ते में किसी ने उनका बैग चुरा लिया। बैग में लैपटाप, मोबाइल आदि सामान था। जीआरपी थाना प्रभारी ने अयोध्या रेलवे स्टेशन की घटना है। उन्होंने बताया कि फर्द अयोध्या जीआरपी को भेज दी गयी है।

### बंदर के डरकर बच्चा छत से गिरा, गंभीर

**तिलहर, अमृत विचार** : नौ वर्षीय बालक बंदर से बचने के दौरान छत से गिरकर घायल हो गया। नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी अजय कुमार का नौ वर्षीय पुत्र कवि अपने घर की छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। बच्चे के गिरने और चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद पिता अजय कुमार आनन-फानन में उसे इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे ।प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से गंभीर हालत में बालक को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### घर में घुसकर युवक पर किया हमला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : अल्हागंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक को घर में घुसकर पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। अल्हागंज थाना क्षेद्ध के गांव शमापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात दस बजे घर में सो रहा था। गांव के चार लोग पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस आए और पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है।

# तीव्र विकास, मजबूत कानून व्यवस्था, हर क्षेत्र में हुआ काम

## प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

- कहा- कानून व्यवस्था में सख्ती अपराधियों पर हुई बड़ी कार्रवाई
- नौ साल में विकास के नए आयाम स्थापित होने का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रेक्षागृह में वार्ता करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अरुण सागर, विधायक, डीएम।

**अमृत विचार** : प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अटल ऑडिटोरियम में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि सरकार के नौ वर्षों में कानून व्यवस्था से लेकर किसान तक हर क्षेत्र में व्यापक काम हुआ है और विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सख्ती से कार्रवाई की गई और अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई हुई। प्रभारी मंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के लाभ पात्रों तक पहुंचाया गया और हर क्षेत्र में काम हुआ है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने नवनिर्माण के 9 वर्ष संकल्प से सिद्धि सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 26 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। मंत्री ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर सराहना की। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। दिव्यांगजन विभाग के लाभार्थियों को ट्राई साइकिल वितरित की गई।

कृषि विभाग के लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी और निःशुल्क बीज दिए गए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 59 समूहों को सीआईएफ के रूप में 88.50 लाख रुपये और बीआरएफ के अंतर्गत 75 लाख रुपये के दो चेक दिए गए। बाल विकास विभाग के अंतर्गत तीन लाभार्थियों की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके साथ ही खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार के 9 वर्ष उपलब्धियों से भरे रहे हैं और बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं और बालिकाएं सुरक्षित हैं और सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। सांसद अरुण कुमार सागर, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विधायक चेतराम, विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक सलोना कुशवाहा, विधायक हरि प्रकाश वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### युवा क्लबों को खेल सामग्री का किया वितरित

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत शाहजहांपुर कार्यालय की ओर से जिले के सक्रिय युवा क्लबों और महिला मंडलों को खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में खेल और शारीरिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। विशिष्ट अतिथि विजय मोहन मिश्रा ने खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक अजयपाल वर्मा, स्वयंसेवक अमित श्रीवास्तव, इंद्रजीत लोधी, अंकिता वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, रोशनी, चंद्रशेखर, अंजली गुप्ता, आशीष यादव, नीतीश यादव, शगुन पांडेय, रोली वर्मा, देवेश कुमार, हिमांशु सक्सेना सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### 2020 में मांगी गई सूचना अब तक नहीं दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : आरटीआई एक्टिविस्ट शाहनवाज अंसारी की ओर से जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 22 जून 2020 को प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग कार्यालय के जनसूचना अधिकारी को पांच बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, लेकिन समय पर सूचना न मिलने पर 2 अगस्त 2023 को प्रथम अपील भेजी गई ।इसके बाद भी सूचना न मिलने पर 27 दिसंबर 2023 को राज्य सूचना आयोग लखनऊ में द्वितीय अपील दाखिल की गई। मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त ने 02 जुलाई 2025 को नोटिस जारी कर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर आयोग ने कहा कि अब तक वादी को सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। आयोग ने प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को अभिलेखों सहित 23 मार्च को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

### घायल की मौत

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित छाया ढाबा के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति की मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसे अचेत अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## शाहजहांपुर को सर्वश्रेष्ठ नाटक सहित 12 पुरस्कार



नाट्य नृत्य महोत्सव में पुरस्कार प्राप्त करते यूथ थिएटर शाहजहांपुर के कलाकार।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नाट्य नृत्य महोत्सव में यूथ थिएटर ने लहराया परचम देशभर की 15 टीमों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार**: विंज इंटरटेनमेंट गिरिडीह झारखंड की ओर से आयोजित नाट्य नृत्य महोत्सव में देशभर से 15 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें यूथ थिएटर शाहजहांपुर के नाटक को सर्वश्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार मिला। इसके साथ ही टीम ने कुल 12 पुरस्कार अपने नाम कर शानदार प्रदर्शन किया।

महोत्सव में यूथ थिएटर के नाटक "कहानी" को प्रथम प्रोडक्शन का सम्मान मिला। वहीं शादन खान को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, द्वितीय सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और द्वितीय सर्वश्रेष्ठ लेखक का पुरस्कार प्रदान किया गया। आशीष कुमार को प्रथम सर्वश्रेष्ठ निगेटिव अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि अनमोल मिश्रा को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और सुमित कुमार को तृतीय सर्वश्रेष्ठ कैरेक्टर अभिनेता का पुरस्कार मिला। अंकिता जायसवाल को प्रथम सर्वश्रेष्ठ स्टेज सेटिंग, आशीष वर्मा को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम और मेकअप तथा मुस्कान दीक्षित को तृतीय सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक का पुरस्कार मिला। जितिन मिश्रा, सुमित कुमार और शादन खान को संयुक्त रूप से प्रथम सर्वश्रेष्ठ कैंपफायर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा नेहारिका सिंह को तृतीय मिस आइकन का खिताब मिला और शादन खान को गेस्ट ऑफ ऑनर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कॉस्ट्यूम और मेकअप में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आशीष वर्मा, प्रांतीय अनुसूचित जाति-जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जिला शाहजहांपुर की ब्लॉक इकाई तिलहर के अध्यक्ष अरविंद वर्मा के पुत्र हैं।

## गैस एजेंसी बंद, चक्कर काट रहे उपभोक्ता

संवाददाता, पुवायां

- बिना सिलिंडर मिले आ रहे डिलीवरी मैसेज

**अमृत विचार** : नगर के जेवां रोड स्थित भारत गैस एजेंसी इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। पिछले तीन दिनों से एजेंसी का कार्यालय बंद पड़े होने के कारण सैकड़ों उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर के लिए भटकना पड़ रहा है ।उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग कराने के बाद उनके मोबाइल पर सिलिंडर डिलीवर होने के मैसेज तो मिल रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में उन्हें गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही। एजेंसी पर जानकारी लेने पहुंचने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई उपभोक्ता लगातार एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। एजेंसी के अचानक बंद हो जाने से हालात और बिगड़ गए हैं।

घरेलू गैस पर निर्भर परिवारों के सामने भोजन बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि संबंधित गैस एजेंसी का मुख्य कार्यालय शाहजहांपुर में स्थित है और वहीं से डिलीवरी के मैसेज भेजे जा रहे हैं। बिना सिलिंडर दिए डिलीवरी दर्शाया जाना संदेह पैदा कर रहा है। लोगों ने इस मामले में किसी बड़े घोटाले या गड़बड़ी की आशंका भी जताई है।

गांव बेला छेदा निवासी आदेश कुमार ने बताया कि वह कई दिनों से केवाईसी कराने के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। गांव पटई निवासी कबूल सिंह ने बताया कि 20 तारीख को उनकी बेटी की शादी है। ऐसे में गैस सिलिंडर की आवश्यकता है, लेकिन एजेंसी से गैस न मिलने के कारण उनकी परेशानी बढ़ गई है। गांव नवादा निवासी नरेश पाल ने बताया कि उन्हें डिलीवरी का मैसेज मिल चुका है, लेकिन कई दिनों से एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद गैस नहीं मिल पा रही है। नगर निवासी सुनील वर्मा ने बताया कि डिलीवरी का मैसेज आने के बावजूद सिलिंडर न मिलना इस ओर इशारा करता है कि कहीं न कहीं गैस की कालाबाजारी हो रही हो सकती है। इस संबंध में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि डिलीवरी का मैसेज मिलने के बाद भी गैस न दिया जाना गंभीर मामला है। उन्होंने टीम के माध्यम से एजेंसी की जांच के निर्देश दिए हैं।

### मीट की दुकानें बंद कराने की मांग

**तिलहर, अमृत विचार** : हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल को ज्ञापन देकर नवरात्र के चलते क्षेत्र में मीट की दुकानें 24 घंटे के भीतर बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार नवरात्र माह में मीट की दुकानें बंद रहनी चाहिए, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। संजीव कुमार ने कहा कि यदि 24 घंटे के अंदर सभी मीट की दुकानें बंद नहीं हुईं तो हिंदू युवा वाहिनी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान संगठन के जिला महामंत्री नीरज कुमार ने भी कोतवाली प्रभारी से मिलकर नाराजगी जताई और कार्रवाई की मांग की।

## न्यूज डायरी



### बच्चों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की दी बधाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : मोहल्ला भारद्वाजजी स्थित ऑल सेंट्स स्कूल में ईद का त्योहार मनाया गया, जिसमें सभी बच्चों ने सुंदर पोशाकों में सज-धज कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम एनसी केजी क्लास के बच्चों ने ईद कार्ड बनाकर एक दूसरे को बांटे व सभी बच्चों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इसके बाद सभी बच्चों ने ईद मुबारक गानों पर डांस किया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर सचिन बाथम ने बच्चों को बधाई देते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई ईद की गतिविधियों की अत्यंत सराहना की और कहा कि आजकल की पीढ़ी को धार्मिक मान्यताओं से जोड़े रखने के लिए स्कूल प्रांगण में ऐसी गतिविधियां की जानी चाहिए। इसके पश्चात सभी बच्चों को चॉकलेट बांटते हुए ईद की छुट्टियों का समाचार दिया गया, जिससे सभी बच्चे बहुत खुश हुए। मौके पर शिक्षिका रूबी गुप्ता, समन, प्रियंका, मेघा, अस्विनी, नेहा, अजीम, इरम, शुभा, दीपिका, फरीन आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : विधानसभा मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के गतिमान कार्यों के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी-डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई ।बैठक में डीएम ने सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराया कि पुनरीक्षण कार्य में नो-मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता सूची में नाम शामिल कराए जाने के लिए प्राप्त फार्म-6, सूची से नाम कटवाने के लिए प्राप्त फार्म-7 तथा नाम आदि के संशोधित कराने या प्रविष्टि को स्थानांतरित कराए जाने के लिए प्राप्त फार्म-8 के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। कार्यवाहियों के पश्चात आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र और राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बरेली मंडल का चीफ फार्मासिस्ट डा अजय नागर को अध्यक्ष चुने जाने पर घटक दलों की ओर से फूल की माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष डॉ अजय नागर ने अपने संबोधन में कहा कि वह हमेशा कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इसके पूर्व में भी मंडलीय सचिव के पद पर रहकर जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को भविष्य में एक लंबी लड़ाई लड़कर के उनकी मांगों पर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। संगठन के किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय नागर का स्वागत करने वालों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, मंडलीय सचिव विनोद सिंह, एक्सरे टेक्निशियन संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, ऑप्टोमेट्रिक संघ के अध्यक्ष आलोक कनौजिया, ईसीजी संवर्ग के अध्यक्ष अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।



### गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अभियान किया तेज

**तिलहर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर गौभक्तों को 27 अप्रैल 2026 को गौमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए ज्ञापन देने का आह्वान किया। शुक्रवार को उन्होंने अपनी टीम के साथ भ्रमण कर उत्तर प्रदेश गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत लोगों को जानकारी दी कि निर्धारित तिथि पर एक ही दिन और एक ही समय पूरे प्रदेश में तहसील स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने आचार्य भानु प्रताप मिश्र, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन मिश्रा, कचियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के पुजारी राम लखन गिरी, आचार्य अयोध्या प्रसाद, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रकांता त्रिवेदी और मानव जीवन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा से भेंट कर उन्हें आमंत्रण पत्र दिए। प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने कहा कि गौमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान अभिजीत सिंह, कृष्णा गंगवार, नितिन गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## किताबों पर नहीं चलेगी मनमानी: डीएम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निजी स्कूलों में किताबों की बिक्री को लेकर सख्ती

**अमृत विचार** : डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निजी स्कूलों में किताबों की बिक्री को लेकर सख्ती दिखाई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि स्कूल परिसर में किताबों की दुकानें नहीं चलेंगी और सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी।

डीएम ने सभी निजी स्कूलों की किताबों की सूची रेट लिस्ट सहित शाहजहांपुर एनआईसी पर अपलोड कराई है और अभिभावकों व छात्रों से अपील की है कि सूची का अवलोकन कर सुझाव दें। इस पहल से किताबों की कालाबाजारी और अधिक दाम पर बिक्री पर रोक लगेगी व अभिभावकों को राहत मिलेगी। साल 2024 के अभियान के बाद तत्कालीन डीएम उमेश प्रताप सिंह ने स्कूलों में किताबों के बिकने पर रोक लगाई थी। इसके बाद बीते वर्ष साल 2025 में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने पब्लिक स्कूलों के संचालकों के साथ बैठक कर किताबों के नाम पर मनमानी वसूली आदि को लेकर स्कूल संचालकों से जवाब तलब किया था। अब डीएम ने रेट लिस्ट की सूची एनआईसी पर अपलोड करवा दी है। यह किताबों पर कमीशनखोरी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। क्योंकि बीते वर्ष तक किताबों पर 30 से 60 प्रतिशत तक कमीशनखोरी देखने को मिली थी।

## भारतेंदु नाट्य अकादमी के प्रमुख बने आरपीडी सोती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : तिलहर की सिंह कॉलोनी निवासी रमापति द्विविद सोती का चयन भारतेंदु नाट्य अकादमी के रंगमंडल प्रमुख पद पर हुआ है। रामभरोसे लाल शर्मा और शशिप्रभा के पुत्र सोती के चयन की आधिकारिक सूची जारी होने पर परिवार और साथियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से एमए हिंदी करने के बाद कोरोनेशन आर्ट थिएटर में रंगगुरु जरीफ मलिक आनंद के सानिध्य में रंगमंच की शुरुआत की। वर्ष 2009 में हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में थिएटर आर्ट्स में प्रवेश लेकर 2012 में डिग्री प्राप्त की। वर्ष 2014 में सिंगापुर के इंटरकल्चरल थिएटर इंस्टीट्यूट में छात्रवृत्ति मिली। वर्ष 2016 में थिएटर इंक के साथ निर्देशन और एमएलआर थिएटर फाउंडेशन की स्थापना कर द लास्ट नाइट, मिरर्स ऑफ द सोल मेमोरी हिस्ट्री एंड ड्रामा, किंग लियर, पश्मीना और बलि जैसे प्रोजेक्ट किए। बीएनए में इंटरव्यू में 67.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित हुए। इस उपलब्धि पर विश्वास शर्मा, हनु प्रसाद सोती, जरीफ मलिक आनंद, आलोक सक्सेना, अंकित सक्सेना, संकल्प अग्निहोत्री, फिल्म अभिनेता रवि चौहान, आलोक पांडेय, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, सौमित्र शुक्ला, दुर्गेश कुमार, श्रीकांत वर्मा, अभिषेक सिंह, रोहित वर्मा ने खुशी जताई।

## सिंधौली बाजार से किसान की बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बड़ावन निवासी लालजीत वर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 15 मार्च की शाम सिंधौली बाजार में सामान खरीदने के लिए गया था। उन्होंने बाइक एक स्थान पर खड़ी कर दी। वह लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। वह तीन दिन से बाइक की तलाश करते रहे और नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। चोरी गई बाइक की तलाश की जा रही है।

## 10598 पात्र गृहस्थी व 13 अन्त्योदय कार्ड निरस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पात्र परिवारों को शामिल कर 16323 नए कार्ड स्वीकृत, अभियान जारी

**अमृत विचार** : जिला पूर्ति कार्यालय ने अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक छह माह की अवधि में राशन कार्डों की समीक्षा कर अपात्र परिवारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान अपात्रता की श्रेणी में आने वाले 10598 पात्र गृहस्थी कार्डों के सापेक्ष 39589 यूनिट और 13 अन्त्योदय कार्डों के सापेक्ष 42 यूनिट निरस्त किए गए।

इसके साथ ही पात्र परिवारों का चिन्हांकन कर 16323 कार्डों के सापेक्ष 56767 यूनिट और 13 अन्त्योदय कार्डों के सापेक्ष 46 यूनिट को पात्रता सूची में शामिल किया गया है। कार्रवाई के तहत ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया जिनके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि, 6 से 12 माह तक राशन न लेने का रिकॉर्ड, विभिन्न श्रेणी के वाहन या 2 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय पाई गई। शासन के निर्देश पर अपात्र परिवारों को सूची से हटाकर पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डीएम की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारियों और नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों को पत्र भेजकर इस अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड अभी तक जारी नहीं हुए हैं, वे ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित तहसील कार्यालय और नगर क्षेत्र में जिला पूर्ति कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं, जांच के बाद पात्र पाए जाने पर उनका राशन कार्ड जारी किया जाएगा। राशन कार्ड सत्यापन अभियान के तहत जिला पूर्ति विभाग की ओर से छह माह में बड़े स्तर पर छंटनी की गई है। अपात्र परिवारों को चिन्हित करने के लिए भूमि, आय, वाहन और उपभोग का आधार लिया गया। इसके बाद सूची से नाम हटाकर वास्तविक पात्रों को शामिल किया गया, जिससे जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंच सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पात्र परिवारों के नाम अभी सूची में शामिल नहीं हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील कार्यालय और नगर क्षेत्र में जिला पूर्ति कार्यालय में आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जांच के बाद पात्र पाए जाने पर नए राशन कार्ड जारी किए जाएंगे, जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

> अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक अभियान चलाकर अपात्र राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं और पात्र परिवारों को सूची में शामिल किया गया है। पात्र लोग आवेदन करें, जांच के बाद उन्हें भी लाभ दिया जाएगा। -**चमन शर्मा**, डीएसओ

**फैक्ट फाइल**

- 10598 पात्र गृहस्थी कार्ड निरस्त, 39589 यूनिट प्रभावित
- 13 अन्त्योदय कार्ड निरस्त, 42 यूनिट हटाए गए
- 16323 नए कार्ड स्वीकृत, 56767 यूनिट शामिल
- 5 एकड़ भूमि व 2 लाख आय वाले अपात्र घोषित

### 49 विद्यालयों के बच्चों को मिला पुरस्कार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ''हमारा आंगन हमारे बच्चे'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निपुण आने वाले विद्यालयों के बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने मां शारदे एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान खुटार ब्लॉक के निपुण आने वाले 49 विद्यालयों के बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मृत्युंजय सिंह यादव, अवनीश मिश्र, रामदयाल तिवारी, संजय मिश्रा, सचिन मिश्रा, पंकज कुमार वर्मा, तरन्नुम बी, सुबोध त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ख़बरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें




# अमृत विचार

शनिवार, 21 मार्च 2026




कुछ मत मांगो, बदले में कुछ मत चाहो। जो कुछ तुम्हारे पास देने को है, वह दो, वह तुम्हें वापस मिल जाएगा, लेकिन अभी इसके बारे में मत सोचो। –**स्वामी विवेकानंद**, दार्शनिक



## ऊर्जा सुरक्षा पर संकट

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता का केंद्र बनता दिख रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड साउथ पर्स पर इजराइली हमले के बाद ईरान द्वारा नौ देशों में तेल और गैस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना क्षेत्रीय तनाव के साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह संकट जितना भू-राजनीतिक है, उतना ही मानवीय भी, क्योंकि इसकी सीधी चोट आम उपभोक्ता की जेब और जीवन पर पड़ेगी। साउथ पर्स, समरेफ रिफाइनरी और कतर का रास लफान जैसे संयंत्र विश्व ऊर्जा आपूर्ति की धुरी हैं। इन पर हमले से सप्लाई चेन बाधित होती है, बीमा लागत बढ़ती है और समुद्री परिवहन जोखिमपूर्ण हो जाता है। परिणामस्वरूप, बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है और कीमतों में उछाल आता है। इंडियन बास्केट का ब्रेंट क्रूड 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, जहां कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फ्रांस, कतर और मलेशिया जैसे देशों के साथ शांति की अपील सकारात्मक कूटनीतिक पहल है। भारत की "संतुलित और संवाद-प्रधान" विदेश नीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केवल कूटनीति से तत्काल युद्धविराम हो जाएगा। फिर भी, भारत की अपील है कि नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना न बनाया जाए। नैतिक दबाव जरूर बनाती है, विशेषकर तब जब वैश्विक समुदाय भी इसी चिंता को साझा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह आश्वासन कि इजराइल साउथ पर्स पर दोबारा हमला नहीं करेगा, राजनीतिक बयान अधिक प्रतीत होता है। जमीनी हकीकत यह है कि जब तक क्षेत्रीय अविश्वास और प्रतिद्वंद्विता बनी रहेगी, ऐसे हमलों की आशंका बनी रहेगी। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर बहुआयामी होता है। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार करों में कटौती या सब्सिडी के माध्यम से अस्थायी राहत दे सकती है, विशेषकर चुनावी राज्यों में, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं होती। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे खाद्यान्न, दवाइयां और दैनिक उपभोक्ता वस्तुएं महंगी हो जाती हैं।

महंगाई का यह चक्र अंततः आम आदमी की क्रय शक्ति को कमजोर करता है। यह भी एक यथार्थ है कि चुनावों तक कीमतों को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी, परंतु वैश्विक बाजार की ताकतें घरेलू नीतियों पर भारी पड़ सकती हैं इसलिए यह मान लेना कि कीमतें नहीं बढ़ेंगी, व्यावहारिक नहीं है। इस संकट से उबरने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। पहला, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों जैसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की ओर रुख करना। दूसरा, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ावा देना, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। तीसरा, ऊर्जा कूटनीति को और सक्रिय बनाना, ताकि संकट के समय विश्वसनीय साझेदार उपलब्ध रहें। यह केवल तेल और गैस का संकट नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की परीक्षा है। भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपने हितों की रक्षा के साथ शांति और सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करना होगा।

### प्रसंगवश

## रिश्तों की गरिमा और स्त्री सम्मान का प्रतीक गणगौर

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल तिथियों का क्रम नहीं होते, वे जीवन के सूक्ष्मतम भावों, रिश्तों की गरिमा और प्रकृति के साथ मनुष्य के आत्मीय संबंध का जीवंत उत्सव होते हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रृंखला में 'गणगौर' एक ऐसा लोकपर्व है, जिसमें आस्था के साथ-साथ प्रेम, समर्पण, सौंदर्य और सामाजिक संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पावन पर्व इस वर्ष 21 मार्च को मनाया जाएगा।

गणगौर का नाम ही अपने भीतर एक दिव्य अर्थ समेटे हुए है 'गण' अर्थात् भगवान शिव और 'गौर' अर्थात् माता पार्वती। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी और इसी तपस्या के दौरान उन्होंने गणगौर व्रत का पालन किया। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अखंड सौभाग्य का वरदान दिया। तभी से यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य, सुख-समृद्धि और पारिवारिक मंगलकामना का प्रतीक बन गया। गणगौर का उत्सव विशेष रूप से स्त्रियों के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना से यह व्रत करती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां एक योग्य, स्नेही और आदर्श जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं। इस दिन स्त्रियां पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर, हाथों में मेहंदी रचाकर और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों के साथ गणगौर माता का स्वागत करती हैं। उनके गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, जीवन की अनुभूतियों, आशाओं और संबंधों की मिठास भी झलकती है। राजस्थान में गणगौर का उत्सव मानो रंगों, परंपराओं और लोकजीवन की जीवंत झांकी बन जाता है। यहां यह पर्व होली के अगले दिन से आरंभ होकर लगभग सोलह दिनों तक चलता है। शहरों और गांवों की गलियों में स्त्रियां सिर पर कलश रखकर, ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं लेकर निकलती हैं। ढोल, नगाड़ों और लोकगीतों के बीच जब शोभायात्राएं निकलती हैं, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठता है। विशेष रूप से जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में यह उत्सव एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले लेता है।




श्वेता गोयल
शिक्षाविद


मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में गणगौर का स्वरूप और भी अधिक भावनात्मक और पारिवारिक हो जाता है। यहां माता पार्वती को 'रणुबाई' और भगवान शिव को 'धनीयर राजा' के रूप में पूजा जाता है। यह परंपरा केवल देवी-देवताओं की पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि बेटी और दामाद के सम्मान की भी प्रतीक है। निमाड़ में गणगौर के अवसर पर भगवान शिव को दामाद और माता पार्वती को बेटी मानकर उनका स्वागत किया जाता है। यह परंपरा भारतीय समाज में बेटियों के प्रति आदर और सम्मान की उस गहरी भावना को प्रकट करती है, जो सदियों से हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। यहां गणगौर के नौ दिनों तक विशेष उत्सव का आयोजन होता है। माता की बाड़ी में ज्वारे बोए जाते हैं, जो उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि के प्रतीक होते हैं। प्रतिदिन महिलाएं वहां एकत्रित होकर लोकगीत गाती हैं। इन गीतों में भक्ति के साथ-साथ जीवन की सहजता और सांस्कृतिक स्मृतियां भी जीवंत हो उठती हैं। आज के समय में जब समाज में रिश्तों की संवेदनशीलता और स्त्री सम्मान जैसे मूल्य चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं, गणगौर का यह उत्सव और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि परिवार केवल संबंधों का ढांचा नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और प्रेम की नींव पर टिका एक जीवंत संसार है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## रोटी, बेटी और माटी बनाम मां, माटी और मानुष






अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक


2011 के विधान सभा चुनाव में मां, माटी और मानुष का नारा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के दिलों दिमाग पर छा गया था। उन्होंने राज्य की सत्ता पर काबिज वाम सरकार को उखाड़ फेंकते हुए इस नारे को गढ़ने वाली तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को सत्ता सौंप दी थी। तब से लगातार तीन बार ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बन चुकी हैं और इस मर्तबा चौथी बार पश्चिम बंगाल के सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए फिर से मैदान में उतर गई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस बार उन्हें भाजपा से सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मुकाबला कांटे का और बेहद नजदीकी होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता के मां माटी और मानुष के जवाब में रोटी, बेटी और माटी का नारा दिया है। रोटी का आशय रोजगार से है, तो माटी को वे बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों से जोड़ रहे हैं, जिन्होंने बंगाल की भूमि पर अवैध रूप से डेरा जमा लिया है, जबकि बेटी का आशय महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से है। ममता सरकार में आए दिन बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते रहे हैं। बंगाल में बेरोजगारी चरमसीमा पर है। बड़े पैमाने पर वहां के लोग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में रोजगार के लिए पलायन करने को विवश हैं। भाजपा राज्य के युवाओं से औद्योगिक विकास और अन्य माध्यमों से रोजगार देने का वादा कर रही है, लेकिन ममता बनर्जी फिर से मां, माटी और मानुष का ही तीर इस्तेमाल कर रही हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोटी, बेटी और माटी के नारे के आगे उनका दांव कितना सटीक बैठता है।

2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटें जीतीं थीं, तो गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (तमांग) को एक, भाजपा को 77 और भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा को एक सीट मिली थी। वामपंथियों और कांग्रेस का सफाया हो गया था। तब भाजपा को उम्मीद थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और टीएमसी से अलग होकर साथ आए सुभेंदु अधिकारी के दम पर वह ममता बनर्जी को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी, लेकिन यह संभव नहीं हो सका, क्योंकि पार्टी के पुराने नेता टीएमसी, कांग्रेस से आए नेताओं के साथ तालमेल नहीं बैठा सके। सत्ता से दूर रह जाने की वजह पार्टी की आंतरिक कलह माना गया। यही वजह है कि इस बार दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल कराने के बजाय अपने स्थापित नेताओं पर ही भाजपा दांव लगाने को आतुर है। भाजपा की निगाह असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर भी टिकी है। बिहार विधान सभा में पांच सीटों पर जीत दर्ज करने वाले ओवैसी टीएमसी के बागी हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ गठबंधन करने जा रहे हैं। इससे टीएमसी के लिए थोड़ा मुश्किल खड़ी होगी, क्योंकि इस गठबंधन से भाजपा को फायदा होगा। इसके साथ ही भाजपा को एंटी इनकंबेंसी का लाभ मिलने की उम्मीद है। 15 सालों से सत्ता में रहकर टीएमसी अभी तमाम मूलभूत समस्याओं को हल नहीं कर पाई है।

हालांकि पार्टी इस चुनाव में ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत हमला करने से बच रही है, लेकिन उनके मुकाबले मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित नहीं कर रही है। पार्टी की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने की है। चेहरा घोषित कर रणनीतिकार आतंरिक कलह को बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं, जो रूठे हैं, उन्हें मना लिया गया है। इस कारण टिकट की घोषणा के बाद नाराजगी की खबरें सामने नहीं आईं। भाजपा ने ममता को सत्ता से हटाने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों के जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी काम सौंपा है। पार्टी के छोटे-छोटे पदाधिकारी भी बंगाल की गलियों में घूम रहे हैं और मतदाताओं को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा सरकार आने पर कैसे उनके हित में काम होंगे। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार की किन कल्याणकारी योजनाओं को अपने यहां लागू न करके उन्हें उनके लाभ से वंचित किया है। बांग्लादेश के घुसपैठियों को संरक्षण मिलने से कैसे वे उनके रोजगार को छीन रहे हैं और उनकी भूमि पर कब्जा करके उनका हक मार रहे हैं।

उधर, सत्ता में बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर्मचारियों को उनके बकाया देयों का भुगतान करने की घोषणा के साथ ही महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं कर दी हैं। अभी तमाम लोक लुभावने वादे भाजपा, टीएमसी और कांग्रेस द्वारा किए जाएंगे। घोषणा पत्र तैयार हो रहे हैं। इन्हें तैयार करने में जनता की राय भी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने एंटी इनकंबेंसी से बचने के लिए तमाम विधायकों के टिकट काट दिए हैं। आपराधिक छवि वाले विधायकों को टिकट देने से भी परहेज किया गया है। हालांकि ममता की चिंता हुमायूं कबीर और ओवैसी बढ़ा रहे हैं। बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा के साथ ही उसकी नींव रखकर हुमायूं कबीर ने बड़ा दांव चल दिया है। मुस्लिमों का रहनुमा बनने के लिए वह लगातार मुस्लिम बहुल इलाकों में भ्रमण कर रहे हैं। यदि दो-चार प्रतिशत वोट भी हुमायूं और ओवैसी के खाते में गए तो इसका नुकसान ममता को होगा और फायदा भाजपा को मिलेगा।

अभी वामपंथी दलों ने यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस एकला चलो नीति को लागू कर चुकी है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को आधा दर्जन सीटों का ऑफर दिया था, लेकिन पार्टी ने प्रस्ताव ठुकरा दिया था। भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी, इसके मुकाबले ममता बनर्जी भाजपा की रणनीति को कमजोर करने के साथ पहले की तरह आक्रामक चुनावी अभियान को दिशा देने में जुटी हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी।

### आमने



नाव पर इफ्तार मनाने में क्या दिक्कत है? उन लोगों ने पुलिस की हथेली पर ईदी नहीं रखी होगी। रख देते तो सब सही चलता। अखिलेश ने कहा कि प्रशासन को खुश करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जाती है। त्योहार कहीं भी मनाया जा सकता है, चाहे वह घर की छत हो या नाव पर हो।

– **अखिलेश यादव**, पूर्व सीएम, उप्र

### सामने



मां गंगा हमारी पवित्र नदी है। करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और उस आस्था से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। हिंदू गंगा में स्नान कर पुण्य कमाते हैं, कोई अगर उसमें मांस के टुकड़े फेंकेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश जी को कम से कम इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए। वोट के लिए तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए।

– **ब्रजेश पाठक**, डिप्टी सीएम, उप्र

## विधान सभाओं में वंदे मातरम् का नया अध्याय




डॉ. कैलाश चन्द सैनी
पूर्व मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधानसभा


लोकतंत्र के मंदिर जब राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गुंजायमान होते हैं, तो वे केवल विधिक प्रक्रियाओं का निर्वाह नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को स्वर प्रदान करते हैं। वर्तमान में 'वंदे मातरम्' को लेकर देश की विभिन्न विधान सभाओं में जो नई परंपराएं शुरू हो रही हैं, वे केवल औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। यह उस संगीतमय संविधानवाद की पुनर्स्थापना है, जिसकी नींव 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अंतिम दिन अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी। उन्होंने घोषणा की थी कि 'जन-गण-मन' के साथ-साथ 'वंदे मातरम्' को भी समान रूप से सम्मान और पद प्राप्त होगा, जिसने भारतीय गणराज्य की संप्रभुता को स्वाधीनता संग्राम की भावनात्मक विरासत से जोड़ दिया।

संसदीय परंपराओं के विकास में अगस्त 1992 को मील का पत्थर कहा जा सकता है, जब लोकसभा की सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति ने राष्ट्रीय प्रतीकों के विधायी उपयोग की अनुशंसा की थी। 24 नवंबर, 1992 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि लोकसभा के सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' से और समापन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' से किया जाएगा। राज्यसभा के 165 वें सत्र में 25 नवंबर, 1992 को इस प्रथा की शुरुआत हुई तथा सत्र के समापन पर 23 दिसंबर, 1992 को पहली बार सभा में वंदे मातरम् बजाया गया।

इस परंपरा के निर्वाह में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश विधानसभा की भूमिका ऐतिहासिक रूप से अग्रणी रही है। इन राज्यों ने संसदीय स्वायत्तता का परिचय देते हुए इस परंपरा को संसद द्वारा अपनाए जाने से पूर्व ही अंगीकार कर लिया था। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा की पहल पर 2 सितंबर, 1992 को, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के नेतृत्व में 16 सितंबर, 1992 को तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी द्वारा 28 अक्टूबर, 1992 को सत्र की शुरुआत 'वंदे मातरम्' से करने की अनूठी परिपाटी शुरू हुई।

इन विधान सभाओं ने सांस्कृतिक वंदना को विधायी कार्य का प्रेरक स्रोत मानते हुए राष्ट्रीय गीत से सत्र का शुभारंभ किया, जिसे संसद के 'रिवर्स प्रोटोकॉल' के रूप में देखा गया। इस परंपरा का अनुसरण करते हुए बाद में छत्तीसगढ़ (27 फरवरी, 2001) और कर्नाटक (25 नवंबर, 2013) विधानसभा ने भी इसे अपनाकर यह सिद्ध किया कि संघीय ढांचे में राज्य अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीकों को गौरवान्वित कर सकते हैं। राष्ट्रीय गीत के प्रस्तुतीकरण में एकरूपता और ऐतिहासिक शुद्धता के लिए 28 जनवरी, 2026 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों ने एक वैश्विक मानक स्थापित किया है। इन निर्देशों में 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंदों के गायन हेतु 3 मिनट 10 सेकंड की अवधि निर्धारित की गई, जो इसे मात्र एक समूहगान से ऊपर उठाकर एक पूर्ण अनुष्ठान का दर्जा प्रदान करती है। इस दिशा में राजस्थान विधानसभा ने 10 मार्च, 2026 को एक नया इतिहास रचा जब पांचवें सत्र के समापन पर पहली बार 'वंदे मातरम्' के संपूर्ण छह छंदों और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान भी बजाया गया। यह परिवर्तन मात्र समय का विस्तार नहीं, बल्कि इस गीत के उस पूर्ण स्वरूप के प्रति सम्मान है, जिसे स्वाधीनता सेनानी अक्सर गुनगुनाया करते थे। इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसरण में मेघालय (16 फरवरी, 2026) और हरियाणा (20 फरवरी, 2026) विधानसभा ने भी अपने-अपने बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ कर एक नए विधायी युग का सूत्रपात किया है। विचारणीय है कि जिन राज्य विधानमंडलों में अभी तक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के नियमित गायन अथवा वादन की परंपरा विकसित नहीं हुई है, वहां यह स्वस्थ संसदीय परंपरा कब और किस रूप में प्रारंभ होगी और यह भी कि क्या वह केवल औपचारिकता रहेगी या जीवंत परंपरा का रूप लेगी।

भारतीय संसदीय संस्थाओं में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रयोग की कोई एक जैसी परंपरा प्रचलन में नहीं है। संसद में 1992 में शुरू हुई प्रथा के अनुसार सत्र का प्रारंभ राष्ट्रगान से और समापन राष्ट्रीय गीत से होना एक प्रकार की संतुलित संसदीय परंपरा है, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति समान रूप से सम्मान की भावना अभिव्यक्त होती है। इसके विपरीत, कुछ राज्य विधान सभाओं में यह क्रम उलट कर सत्र का आरंभ 'वंदे मातरम्' से तथा समापन 'जन-गण-मन' से करने की परंपरा प्रचलन में है।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। यदि हमारी संसदीय संस्थाएं और उनके प्रतिनिधि संसदीय शुचिता, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के प्रति निःस्वार्थ समर्पण को अपने आचरण से परिलक्षित करें, तो 'वंदे मातरम्' का आदर्श केवल एक उद्घोष न रहकर लोकतंत्र की जीवंत प्रेरणा बन सकता है। इसकी सार्थकता तभी है, जब राष्ट्रीय गीत के स्वर सदन की गरिमा और शुचिता में भी अनुगुंजित हों।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया।

### सोशल फोरम

## संकट के काले बादल

इजरायल-अमेरिका व ईरान युद्ध की स्थिति इतनी जटिल हो गई है, कि आज कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। एक समय लगने लगा था कि अमेरिका अब युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, परंतु उसकी मंशा को भांपते हुए, इजराइल कोई न कोई ऐसी हरकतें कर देता है, जिससे युद्ध और भी भड़कता जा रहा है। इसी क्रम में ही उसने ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा चीफ अली लारीजानी की हत्या कर डाली, उसके बाद ईरान के गैस फील्ड पर मिसाइल दाग दिए। जवाबी कार्यवाही में ईरान ने भी इजराइल के गैस व पेट्रोल संयंत्रों पर मिसाइल दागे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, कतर और सऊदी अरब के भी गैस संयंत्रों को भारी क्षति पहुंचाई है। ऐसा लगता है अब यह युद्ध एक-दूसरे के गैस व कच्चे तेल को नष्ट करने की तरफ केंद्रित हो गया है। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल की इन हरकतों को समझ गए हैं और उन्होंने इसके लिए इजराइल से चेतावनी भरे लहजे में अपनी नाराजगी भी जाहिर की है, परंतु स्थिति की जटिलता और उनकी स्वयं की असमंजसता, उन्हें किंकर्तव्यविमूढ़ बनाए हुए हैं।




विजय सिंह
रुद्रपुर


ईरान तो बर्बाद हो ही रहा है। ऐसे में अब उसके पास खोने को कुछ भी नही बचा है, अतः उसने भी ठान लिया है कि चाहे कुछ भी हो, दुश्मनों की मंशा पूरे नही होने देंगे। जीत का श्रेय लेने के लिए इसके अलावा और कोई चारा भी तो उसके पास नहीं बचा है। इस युद्ध की भयावहता की बात की जाए, तो जिस प्रकार से आज इसमें प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त देश एक-दूसरे की ऊर्जा संयंत्र और उसकी सप्लाई लाइन को ही नष्ट करने पर तुले हैं, पूरे विश्व में ही घोर ऊर्जा संकट के बादल छा गए हैं। खाड़ी देशों में गैस व कच्चा तेल का उत्पादन और उनकी सप्लाई निरंतर कम होती जा रही है, यही कारण है कि इनकी कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यदि युद्ध लंबा खिंचता है, ऐसी स्थिति में विश्व के सभी मुल्कों में महंगाई और उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने से कोई भी रोक नहीं सकता। इसकी थोड़ी बहुत झलकियां अभी से दिखनी शुरू हो गईं हैं। गनीमत यही है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अधिकांशतः देश अभी काफी संयम दिखा रहे हैं, अन्यथा नेतन्याहू और ट्रंप ने उन्हें भी इस युद्ध में झोंकने के लिए, कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसके विपरीत भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भले ही लोगों द्वारा इस युद्ध से लाख फायदे गिनाए जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यही है कि संकट की इस घड़ी में, जहां आम जनता को अकल्पनीय महंगाई की मार झेलनी होंगी, वहीं देश की डांवाडोल आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए सरकार को भी तैयार रहना होगा।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## सुरक्षित कल की नींव रखती है हर नन्हीं सांस

भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीकी क्रांति की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। जिस देश में कभी हजार में सैकड़ों बच्चे पांच वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही जीवन की जंग हार जाते थे, आज वही भारत अपने बचपन को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और आश्वस्त बना चुका है। पिछले लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों के पुनर्जन्म की कहानी है।

बीते वर्षों में भारत ने जिस गति से प्रगति की है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। 1990 में जहां 1000 में से 127 बच्चों की मृत्यु पांच वर्ष की आयु से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह संख्या घटकर मात्र 27 रह गई है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की गवाही हैं, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब नीतियां सही दिशा में हों और इरादे मजबूत हों, तो असंभव भी संभव बन सकता है। इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर भी सराहा गया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने भारत के इस परिवर्तन को न केवल स्वीकार किया है, बल्कि इसे एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट के अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दक्षिण एशिया में इस सुधार में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इतनी विशाल और विविध आबादी वाले देश में इस स्तर का सुधार आसान नहीं होता। इस बदलाव के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य ढांचे की निर्णायक भूमिका रही है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों में कमी आई। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिसने कई घातक बीमारियों को नियंत्रित किया। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही, आईएमएनसीआई जैसी रणनीतियों ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया।




कृति जैन
लेखिका


यदि क्षेत्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो दक्षिण एशिया में भी भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई, जिसमें भारत का योगदान प्रमुख रहा है। वैश्विक स्तर पर भी भारत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी आई है। यह दिखाता है कि एक विकासशील देश भी सुनियोजित प्रयासों से विश्व स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का असर साफ दिखाई देता है। हालांकि इस सफलता के बावजूद चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। वैश्विक स्तर पर अभी भी लाखों बच्चों की मृत्यु हो रही है और भारत के कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयासों की गति बनाए रखने पर जोर दिया है। भारत की यह यात्रा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। यह दुनिया को सिखाती है कि यदि नीतियां समावेशी हों और प्रयास निरंतर हों, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन


देश के मोबाइल उत्पादन का
55%

₹50 लाख करोड़+ के निवेश प्रस्ताव

ग्रीन हाइड्रोजन
2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्वीकृत


नोएडा, लखनऊ बन रहे ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) हब

31 हजार कारखाने संचालित


ज्योति समृद्धि की

3 करोड़+ रोजगार के अवसर

जर्मनी एवं फ्रांस, यूके, यूएई एवं सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान के निवेश डेस्क

34 सेक्टोरल पॉलिसी

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग
96 लाख+ इकाइयां



फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में ₹10 हजार करोड़ के एमओयू

# सुविधाओं संग सुरक्षित परिवेश
# निवेश में अग्रणी उत्तर प्रदेश

नोएडा बना आईटी हब, लखनऊ बन रहा एआई हब

जापान, सिंगापुर, जर्मनी और वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में ₹4.46 लाख करोड़+ के एमओयू

5 हाइपरस्केल डाटा सेंटर पार्क, ₹30 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य


डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत
197 एमओयू
₹34 हजार करोड़+ का निवेश



यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी का कार्य गतिशील

नवनिर्माण के 9 वर्ष

लखनऊ में यूपी का पहला इलेक्ट्रिक बस प्लांट




75,000 एकड़ का लैंड बैंक

21 हजार+ स्टार्टअप

पारदर्शी सिस्टम
निवेश मित्र, निवेश सारथी पोर्टल



विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,532.96 | 23,114.50 |
| बढ़त | 325.72 | 112.35 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.49 |

सोना 1,52,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 21 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2565, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2600, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13 किग्रा 2300, जय जवान 2155, सचिन 2300, सूरज 2155, अवसर 2080, उजाला 2190, गृहणी 13 किग्रा 2145, क्लासिक (किग्रा) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2535, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2520

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवाइन 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, **प्रति किलो :** लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4360

# तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम, हवाई यात्रा घटाएं

## ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने सुझाए उपाय

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए दुनिया भर में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से काफी ऊपर पहुंच गईं। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसके लिए वैश्विक कीमतों में यह उछाल बड़ा व्यापक आर्थिक जोखिम उत्पन्न करता है और चालू खाते के घाटे को बढ़ाता है। इसके साथ रुपये पर दबाव डालता है और घरों व व्यवसायों के लिए ईंधन लागत भी बढ़ाता है। पिछले दिनों देश में रसोई गैस एलपीजी के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। अब प्रीमियम पेट्रोल और औद्योगिक डीजल के दामों में भी वृद्धि की गई है। इस



बीच आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण आपूर्ति बाधा को वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा संकट करार दिया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, यह प्रवाह बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, विमान ईंधन तथा एलपीजी जैसे कुछ परिष्कृत उत्पाद की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों को ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

### ईंधन खपत घटाने को सुझाए 10 कदम

मुख्य उपायों में आवागमन के लिए ईंधन खपत कम करने, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम/रिमोट वर्क) के लिए दूरस्थ कार्य को बढ़ावा देना, राजमार्गों पर गति सीमा कम से कम 10 किमी प्रति घंटा घटाना, सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहन उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा बड़े शहरों में निजी वाहनों की आवाजाही सीमित करना शामिल है। अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैरजरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है।

### इन कोशिशों से इन नतीजों की उम्मीद

- आईईए ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि व्यक्तिगत चालकों के लिए औसतन करीब 20 प्रतिशत तक कमी संभव है।
- राजमार्गों पर गति सीमा 10 किमी घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। मालवाहक ट्रकों में भी कम गति के कारण पांच प्रतिशत बचत हो सकती है।
- निजी कारों से यात्रा कम कर सार्वजनिक अपनाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है। व्यावसायिक हवाई यात्राओं में 40 प्रतिशत कमी संभव है, इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है।
- आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।

# भारत में सरकार का लॉजिस्टिक्स प्रणाली में सुधार और लागत कम करने पर जोर

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने के मद्देनजर देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली एवं उसकी लागत में सुधार पर जोर दिया है।



अधिकारियों ने बताया कि भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अब संरचनात्मक बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसे समन्वित नीतिगत सुधार, संस्थागत पुनर्संरचना, डिजिटल मंचों एवं बड़े पैमाने पर अवसंरचना योजना से गति मिली है। इन प्रयासों का उद्देश्य लंबे समय से जारी चुनौतियों जैसे विखंडित योजना, विभिन्न प्रणालियों की अक्षमताएं, आपूर्ति शृंखला में सीमित पारदर्शिता एवं उच्च लॉजिस्टिक्स लागत को दूर करना है। आधिकारिक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत है, जो कुल मिलाकर लगभग 24.01 लाख करोड़ रुपये बैठती है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत के लॉजिस्टिक्स सुधार आपस में जुड़े नीतिगत उपायों, डिजिटल मंचों एवं अवसंरचना पहलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत घटाना तथा आपूर्ति शृंखला के एकीकरण को मजबूत करना है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से कीटनाशक की लागत में हो सकती है 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि: क्रॉपलाइफ

- **गुणवत्ता के साथ देश में उपज भी हो सकती है प्रभावित**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत के फसल सुरक्षा उद्योग के लिए लागत में 20 से 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान जरूरी कीटनाशकों की कमी हो सकती है, जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। क्रॉपलाइफ इंडिया के चेयरमैन अंकुर अग्रवाल ने कहा, इन व्यवधानों के कारण एक महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान कुछ फसल सुरक्षा उत्पादों की कमी हो सकती है, जिससे उपज और उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होगी। उद्योग पहले से ही संयंत्रों में कम क्षमता उपयोग के लिए तैयार है, जिसका कमाई और रोजगार पर व्यापक असर पड़ेगा। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इससे प्रभावित होंगे।

# देश में एलपीजी संकट बरकरार

### व्यवसायों को नहीं मिल पा रही गैस

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी की आपूर्ति में कमी शुक्रवार को लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी रही। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा बनी रहने से होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति प्रतिबंध जारी हैं। हालांकि सिलेंडर भरवाने को लेकर बुकिंग में कुछ कमी आई है।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके जरिए भारत अपने आयात का 60 प्रतिशत प्राप्त करता है। इतनी बड़ी मात्रा में आपूर्ति अचानक बंद होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू में पूरी तरह रोक दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया। इससे घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट में सिलेंडर बुक करवाना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उपलब्धता सीमित होने का डर था।



प्रयागराज में एलपीजी सिलेंडर के लिए बारिश में इंतजार करता युवक।

## आरबीआई ने आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को दुनिया के मौजूदा हालात और उनसे घरेलू बाजार पर पड़ने वाले असर की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान बदलते अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और वित्तीय बाजारों पर उनके प्रभाव के साथ-साथ संबंधित चुनौतियों का आकलन किया गया। आरबीआई के बोर्ड की 622वीं बैठक शुक्रवार को पटना में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई।

## मुनाफाखोरी के लिए सरकार ने बढ़ाए पेट्रोल के दाम, ये जनता के साथ अन्याय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है।

# आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में फरवरी में सालाना 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले साल फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में सीमेंट और इस्पात उत्पादन में बड़ी वृद्धि देखी गई है, जबकि कच्चे तेल और



- **फरवरी में हुई 2.3 प्रतिशत वृद्धि जनवरी में बढ़ी थी 4.7 प्रतिशत**

प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। एक साल पहले की तुलना में फरवरी में सीमेंट का उत्पादन 9.3 प्रतिशत और इस्पात का 7.2 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन में 3.4 फीसदी और कोयला उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल के उत्पादन में 5.2 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट रही।

रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से फरवरी के बीच औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत रही है।

पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत रहा था। इस्पात उत्पादन 9.7 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 9.2 प्रतिशत बढ़ा। पहले 11 महीने में उर्वरक उत्पादन में दो प्रतिशत और बिजली में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 3.5 प्रतिशत और कच्चे तेल में 2.5 प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। कोयला उत्पादन वित्त वर्ष में अब तक स्थिर रहा है।

## अवैध जुए, सट्टेबाजी पर कार्रवाई 300 वेबसाइट और एप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध जुए और सट्टेबाजी की वेबसाइट के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है।

ब्लॉक की गई वेबसाइट और एप ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी मंच, ऑनलाइन कैसीनो और सट्टा बाजारों की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क और रियल-मनी कार्ड एवं कैसीनो गेम एप पर भी कार्रवाई की गई है। सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। अब तक ऐसी लगभग 8,400 वेबसाइट को ब्लॉक किया जा चुका है, जिनमें से अधिकांश (लगभग 4,900) ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

# पेट्रोल की कीमत बढ़ते ही ठंडी हुई शेयर बाजार की गरमी

- **1,079 अंकों की ली थी उछाल 325 अंकों की बढ़त पर ठहरा**

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट थमी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था।



### दिल्ली: चांदी 1,800 रुपये किलो मजबूत, सोना 650 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,300 रुपये पर बंद हुआ था।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी, अब सात अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.68 अरब डॉलर घटकर 555.57 अरब डॉलर रह गईं।



# इत्र कारोबार पर ईरान युद्ध की मार, ज्यादातर निर्यात ऑर्डर हुए रद्द

भोपाल, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव का सीधा असर मध्य प्रदेश के पारंपरिक इत्र कारोबार पर पड़ा है। क्षेत्र में बिगड़ते हालात के कारण न केवल बड़े पैमाने पर निर्यात ऑर्डर रद्द हो रहे हैं, बल्कि इत्र की बोतलों की आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

'हाउस ऑफ हेरत परफ्यूम्स' के सैयद मोहम्मद अल्तमश जलाल ने शुक्रवार को कहा, बाजार की स्थिति काफी खराब है। विदेशी ऑर्डर रद्द होने की वजह से हमारे पास स्टॉक जमा हो गया है। आमतौर पर रमजान के महीने में इत्र की मांग बहुत अधिक रहती है, लेकिन इस बार हमें भारी नुकसान की आशंका सता रही है। उन्होंने बताया कि कन्नौज के गुलाब और ऊद जैसे प्राकृतिक इत्र की इस मौसम में विदेशी बाजारों में जबरदस्त मांग रहती है। लेकिन, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस पूरे कारोबार की कमर तोड़ दी है।

जलाल ने बताया कि वे जिन



- **रमजान के सीजन में रहती थी भारी मांग, इस बार निर्यात ठप**

इकाइयों से इत्र और परफ्यूम खरीदते हैं, उनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के कन्नौज में स्थित हैं, जो इत्र का प्रमुख केंद्र है। कन्नौज से जुड़े और 'ओरिस्का' ब्रांड के संस्थापक अब्दुल मुगीस फारूकी ने कहा, अगर यह अनिश्चितता लंबे समय तक बनी रहती है, तो मेरे स्टार्टअप पर इसका बुरा असर पड़ेगा। हम अपने नए उत्पादों को बाजार में उतारने के आखिरी चरण में हैं, लेकिन मौजूदा हालात चिंताजनक हैं। इंदौर स्थित 'शिवम फॉर्मुलेशंस' के शैलेन्द्र पाठक ने भी आगाह किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कच्चे माल की कमी की समस्या और ज्यादा गहरा सकती है।

### कांच की बोतलों की बढ़ी कीमत भी बनी मुसीबत

जलाल के अनुसार, कारोबारी इस समय कांच की बोतलों की बढ़ती कीमतों से भी परेशान हैं। ये बोतलें गुजरात के कारखानों में बनती हैं, जो ईंधन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं और मौजूदा संकट से इसकी आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि इत्र के व्यापार में कांच की बोतलें सबसे अहम कड़ी हैं। यदि पश्चिम एशिया में यह तनाव लंबा खिंचा, तो आने वाले दिनों में कारोबार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

## पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने को सड़क मरम्मत शुल्क माफ

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार के लिए पाइपलाइन बिछाने को लगने वाले सड़क मरम्मत शुल्क को तीन महीने के लिए माफ कर दिया है।

शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनएमडीसी) के बयान के अनुसार, यह निर्णय तीन महीने तक प्रभावी रहेगा। उम्मीद है कि इस कदम से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पीएनजी कनेक्शन देने के काम में तेजी आएगी।

# एस्सार की मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब डॉलर तक मदद की घोषणा

वॉशिंगटन, एजेंसी

- **अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक का अपने देश के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम**

अमेरिका ने मिनेसोटा में एक बड़े खनिज एवं विनिर्माण परियोजना के लिए एस्सार समूह की कंपनी मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक के समर्थन की घोषणा की है। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम) ने यह घोषणा पिछले सप्ताह टोक्यो में आयोजित हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा मंत्रिस्तरीय एवं व्यापार मंच के दौरान की। एक्जिम की यह घोषणा अमेरिका के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम है।

एक्जिम ने कहा कि उसके ऋण करीब 30 अरब डॉलर के रणनीतिक समझौतों को आगे बढ़ा रहे हैं जिनका उद्देश्य हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ मिलकर अमेरिका की आपूर्ति शृंखला सुरक्षा को मजबूत करना है। टोक्यो में आयोजित इस मंच में एक्जिम के चेयरमैन जॉन जोवानोविच, वरिष्ठ अधिकारियों सहित आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन उपस्थित थे। एक्जिम ने कहा कि मेसाबी मेटैलिक्स एक एकीकृत लौह अयस्क खनन एवं प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कर रही है। इसे हर साल 70 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष अपचयन लौह अयस्क पेलेट्स के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

### मुश्किल हुई हवाई यात्रा

हवाई क्षेत्रों पर लागू की गई हैं कई पाबंदियां, विमान ईंधन की बढ़ी कीमतों ने भी बढ़ाई चुनौती

# पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी

नई दिल्ली, एजेंसी

हवाई क्षेत्रों पर अचानक लगी पाबंदियों, विमान ईंधन की ऊंची कीमतों और भारी बीमा राशि के कारण विमानन कंपनियां पश्चिम एशिया में उड़ानें संचालित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच विमान सेवाओं में पहले ही कटौती की गई है और अब परिचालन से जुड़ी उलझनें और बढ़ गई हैं।

विमान कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है और पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें भरने में कई तरह के जोखिम बने हुए हैं। विमानन नियामक



डीजीसीए ने सुरक्षा जांच के आधार पर विमान कंपनियों को क्षेत्र के नौ हवाई क्षेत्रों से बचने और आपात स्थिति के लिए पुख्ता वैकल्पिक योजना तैयार रखने को कहा है। उसने 28 मार्च तक बहरीन, ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के हवाई रास्तों का उपयोग न करने को कहा गया है। नियामक ने कहा कि भारतीय विमान कंपनियां कुछ शर्तों के साथ ओमान और सऊदी अरब के हवाई रास्तों का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन उन्हें 32,000 फीट से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

नौ हवाई क्षेत्रों के संबंध में डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि विमान कंपनियों को प्रभावित क्षेत्र में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान भरने से परहेज करना चाहिए। यदि कोई कंपनी उड़ान जारी रखती है तो यह पूरी तरह उसकी जिम्मेदारी और सुरक्षा जोखिम के आकलन पर निर्भर होगा।

### एक फेरे की उड़ान पर 30 लाख से एक करोड़ तक का अतिरिक्त खर्च

अधिकारियों के मुताबिक, युद्ध के कारण बीमा की रकम में भारी उछाल आया है। विमान के आकार के हिसाब से यह अतिरिक्त खर्च 30 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब 'युद्ध जोखिम शुल्क' के रूप में छोटे विमान की एक फेरे की उड़ान पर 30–40 लाख रुपये और बड़े विमान पर 90 लाख से एक करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चलने वाले छोटे विमानों के उपयोग में भी काफी कमी आई है। एक अन्य बड़ी चुनौती कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण विमान ईंधन की बढ़ती लागत है।

### यात्रियों पर बढ़ा बोझ

- भारतीय विमान कंपनियों के कुल खर्च में ईंधन का हिस्सा लगभग 40% होता है। बढ़ते बोझ की भरपाई के लिए कंपनियों ने ईंधन शुल्क और अतिरिक्त अधिभार लागू किया है।
- एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू टिकट पर 399 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया है, विदेशी उड़ानों के लिए भी दरें बढ़ा दी गई हैं। इससे यात्रा महंगी हो गई है।
- इंडिगो 425 से 2,300 और अकासा एयर 199 से 1,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही हैं। यह राशि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग तय की गई है।

## दुर्लभ खनिज के विनिर्माण बढ़ावा देने को बोलियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने 7,280 करोड़ रुपये की सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) की विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के तहत 6,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) क्षमता के दुर्लभ खनिज (चुंबक) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी (नियोडिमियम-आयरन-बोरोन) दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट) विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए लाभार्थियों के चयन के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) जारी किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### द. कोरिया में फैक्ट्री में आग, 53 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में एक कलपुर्जों की फैक्ट्री में शुक्रवार को लगी आग में कम से कम 53 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है। शहर के डेडेओक जिले के अग्निशमन प्रमुख नाम ड्यूक-वू ने कहा कि उन लोगों में से 24 गंभीर रूप से घायल हो गए और अधिकारी कम से कम 14 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके बारे में माना जाता है कि आग लगने के समय वे सुविधा केंद्र के अंदर मौजूद थे। अधिकारियों ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की कि घायलों में से किसी की हालत गंभीर है या नहीं। घटनास्थल से मिले वीडियो में परिसर से घना धुआं दिखाई दे रहा था।

### बेटी के साथ किम ने देखा सैन्य प्रशिक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की।

### वानुआतू द्वीप समूह में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु द्वीप समूह में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह 02:30 बजे 6.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र जीएफजेड ने दी। भूकंप का केंद्र गहराई में 10.0 किलोमीटर थी और शुरुआत में 19.47 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 168.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

### ट्रंप प्रशासन ने हॉर्वर्ड विवि पर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने शुक्रवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के खिलाफ एक नया मुकदमा दायर किया। विभाग का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन यहूदी-विरोधी घटनाओं (एंटीसेमिटिज्म) को रोकने में विफल रहा, जिसके आधार पर सरकार मौजूदा अनुदान को रोक सकती है और पहले दिए गए अनुदान को भी वापस मांग सकती है।

# श्रीलंका ने अमेरिकी विमानों को नहीं दी लैंडिंग की मंजूरी

- राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने संसद को दी जानकारी

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका ने इस महीने की शुरुआत में अपने मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी युद्धक विमानों को उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में जानकारी दी।

दिसानायके के अनुसार, जिबूती से आ रहे विमानों ने चार मार्च और आठ मार्च को उतरने का अनुरोध किया था, लेकिन दोनों अनुरोधों को खारिज कर दिया गया। एक स्थानीय अखबार ने संसद में उनके हवाले से कहा, हम कई दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। पश्चिम एशिया में हो रहे युद्ध से कई चुनौतियां है, लेकिन हम तटस्थ रहने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वे आठ जहाज-रोधी मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमान लाना चाहते थे, और हमने मना कर दिया। यह बयान दिसानायके द्वारा दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ मुलाकात के एक दिन बाद आया है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, नेताओं ने महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाहों को सुरक्षित करने, व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने, मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

## प्रलय की दहलीज पर बैठी दुनिया

# बढ़ता परमाणु खतरा

मानवता के इतिहास में परमाणु हथियारों का आविष्कार एक ऐसा मोड़ था, जिसने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए हमलों ने दुनिया को इसकी विनाशकारी शक्ति से परिचित कराया था। आज, दशकों बाद, हम एक ऐसे दौर में खड़े हैं जहां परमाणु हथियारों का खतरा कम होने के बजाय और अधिक जटिल और व्यापक हो गया है। आज यह खतरा बहुध्रुवीय हो चुका है। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद परमाणु धमकियों का दौर फिर से शुरू हो गया है। वहीं, मध्य-पूर्व में ईरान के बढ़ते कदम और उत्तर कोरिया के लगातार परीक्षणों ने वैश्विक सुरक्षा तंत्र को हिला कर रख दिया है। अब खतरा केवल घोषित परमाणु शक्तियों से ही नहीं, बल्कि उन देशों से भी है जो गुप्त रूप से परमाणु हथियारों को विकसित करने की होड़ में हैं।



### यदि 'बटन' दब गया तो?

- एंड गेम : परमाणु युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेंगे; यह पूरी सभ्यता के लिए 'एंडगेम' साबित हो सकता है।
- परमाणु शीत : धमाके से निकलने वाली धूल और धुआं वायुमंडल की ऊपरी सतह को ढंक लेगा, जिससे सूरज की रोशनी सालों तक धरती पर नहीं पहुँच पाएगी। इससे वैश्विक तापमान गिर जाएगा और खेती पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।
- रेडियोधर्मी प्रभाव : आने वाली कई पीढ़ियां अपंग और गंभीर बीमारियों के साथ पैदा होंगी। हवा, पानी और मिट्टी सदियों के लिए जहरीली हो जाएगी। ● आर्थिक और सामाजिक पतन : : वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बिजली-संचार व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।

### साये में पलती तबाही

- परमाणु संपन्न नौ देश : दुनिया में नौ देश (अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और उत्तर कोरिया) घोषित या स्वीकृत रूप से परमाणु संपन्न हैं। लेकिन कई ऐसे देश हैं जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की परवाह किए बिना गुप्त रास्तों से परमाणु क्षमता हासिल करने में जुटे हैं।
- ईरान : ईरान का परमाणु कार्यक्रम सबसे अधिक चर्चा और विवाद में है। हालांकि ईरान इसे शांतिपूर्ण ऊर्जा कार्यों के लिए बताता है, लेकिन पश्चिमी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह यूरेनियम संवर्धन के उस स्तर के करीब है जहाँ हथियार बनाना संभव है।
- सऊदी अरब : मध्य-पूर्व के बदलते समीकरणों के बीच सऊदी अरब ने संकेत दिए हैं कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाता है, तो वह भी पीछे नहीं रहेगा। रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी अरब ने चीन की मदद से यूरेनियम प्रोसेसिंग की तकनीक पर काम शुरू किया है। ● म्यांमार और सीरिया : समय-समय पर इन देशों में भी गुप्त परमाणु गतिविधियों की खबरें आती रही हैं।

### भारत के लिए पाकिस्तान सिरदर्द

- टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन्स : पाकिस्तान ने छोटे आकार के परमाणु हथियार विकसित किए हैं, जिन्हें वह युद्ध के मैदान में कम दूरी के लिए इस्तेमाल करने की धमकी देता है।
- अस्थिर शासन और सुरक्षा : पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी संगठनों का प्रभाव यह डर पैदा करता है कि कहीं ये हथियार आतंकियों के हाथ न लग जाएं।
- चीन-पाक गठजोड़ : चीन द्वारा पाकिस्तान को मिसाइल तकनीक और प्लूटोनियम रिएक्टरों में मदद करना भारत के लिए चुनौती है।

### भारत का सिद्धांत

- भारत किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। ● उतने ही हथियार रखेगा जो हमला रोकने के लिए पर्याप्त हों। ● यदि भारत पर परमाणु हमला होता है, तो भारत का जवाब इतना विनाशकारी होगा कि दुश्मन उसे सह नहीं पाएगा।

# भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं

## रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के आयुक्त ने एक सवाल के जवाब में की टिप्पणी

- दोनों देशों के कई महीने तक तल्ख संबंधों के बाद सकारात्मक रुख

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी कार्रवाई नहीं हो रही है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने सीटीवी न्यूज से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा कि वर्तमान में हमारे पास मौजूद आपराधिक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता।

डुहेम ने कहा कि मैं यह हमारे पास विदेशी हस्तक्षेप या सीमापार दमन से संबंधित सभी मामलों के समग्र आकलन के आधार पर कह रहा हूं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो लोगों को डरा रहे हैं, उन्हें परेशान कर रहे हैं लेकिन किसी विदेशी इकाई से, चाहे वह कोई भी देश हो, उनका संबंध जोड़ने के लिए हमारे पास कुछ नहीं है। उनकी यह टिप्पणी कनाडा और भारत के बीच कई महीनों तक बने रहे राजनयिक तनाव के बाद आई है।

भारत और कनाडा ने अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई कदम उठाए हैं। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 2023 में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभवतः भारत की संलिप्तता है। ट्रूडो द्वारा ये आरोप लगाए जाने के बाद भारत एवं कनाडा के संबंध बेहद निचले स्तर पर चले गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोप को बेतुका करार दिया था।

ओटावा द्वारा अक्टूबर 2024 में निज्जर मामले से भारतीय उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को जोड़ने की कोशिश किए जाने के बाद भारत ने उन्हें वापस बुला लिया था। भारत ने इतनी ही संख्या में कनाडा के राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया था। हालांकि, पिछले साल अप्रैल में संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत से संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू करने में मदद मिली। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में अपने-अपने उच्चायुक्त तैनात कर दिए हैं। कार्नी इस महीने की शुरुआत में भारत आए थे।



### ट्रूडो के कार्यकाल में बिगड़े थे दोनों देशों के संबंध

जस्टिन ट्रूडो के कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान भारत-कनाडा संबंधों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों के प्रति नरम रुख, 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बेबुनियाद आरोप, और 2018 की विवादित भारत यात्रा जैसे मुद्दों के कारण भीषण तल्खी आई। इसने राजनयिक निष्कासन, व्यापार वार्ता रुकने और राजनयिक संकट को जन्म दिया, जिससे रिश्ते अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गए। संबंधों में तल्खी के कई कारण रहे। भारत ने लगातार कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी समूहों की सक्रियता पर चिंता जताई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने नजरअंदाज किया।

### मार्क कार्नी के आने से संबंधों में हुआ सुधार

मार्च 2025 में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद, भारत-कनाडा संबंधों में तनाव कम हुआ है और सुधार की दिशा में बढ़े हैं। उन्होंने पूर्व पीएम ट्रूडो के विपरीत, कूटनीतिक तरीकों को अपनाकर और बंद दरवाजों के पीछे बात करके, खालिस्तान मुद्दे के कारण उपजे मतभेदों को कम किया है। कार्नी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और आर्थिक साझेदारी पर जोर दिया है। ट्रूडो की सार्वजनिक बयानबाजी के विपरीत, कार्नी ने कूटनीतिक रुख अपनाया है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में काफी नरमी आई है।

## चीन ने जापान से कहा-गलत रास्ते पर जाने से बचें

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने जापान से अपने गलतियों पर विचार करने और उन्हें सुधारने, अपना रुख बदलने और गलत रास्ते पर आगे बढ़ने से बचने का आह्वान करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी एक रिपोर्ट के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान पर जापान के पहले के रुख में काफी बदलाव आया है। हालांकि, जापानी सरकार ने कहा कि अस्तित्व खतरा को निर्धारित करने के उसके तरीके में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। लिन ने कहा कि जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के ताइवान पर गलत बयान ने चीन के अंतरिक मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप किया है।

# पश्चिम एशिया से एलपीजी आपूर्ति स्थिति चिंताजनक

- सरकार ने कहा-देश में घरेलू खपत के लिए पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण क्षेत्र से एलपीजी आपूर्ति की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और घरेलू खपत के लिए देश में अभी इसका पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

रसोई गैस के लिए एलपीजी छोड़कर पीएनजी लेने की सरकार की अपील के बाद देश के 15 बड़े क्षेत्रों में 13 हजार 700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिये गये हैं और 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। पिछले एक सप्ताह में राज्यों को उनकी जरूरत के आधार पर लगभग 11,300 टन वाणिज्यिक एलपीजी भी दी गई है। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान के तहत देश भर में अलग अलग जगहों पर 4500 से अधिक छापे मारे गये हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक लगभग तीन लाख भारतीय वहां से स्वदेश लौट चुके हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर शुक्रवार को अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि देश में सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 13,700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं और लगभग 7,500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़ पीएनजी कनेक्शन लिया है।

## चीन ने भारत के नए राजदूत की नियुक्ति का किया स्वागत

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को नए भारतीय राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक विक्रम दुरईस्वामी की नियुक्ति का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि वह भारत-चीन संबंधों में निरंतर सुधार के लिए सकारात्मक योगदान देंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1992 बैच के अधिकारी दुरईस्वामी वर्तमान में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं। चीन में उनके जल्द ही नया कार्यभार संभालने की उम्मीद है। 56 वर्षीय दुरईस्वामी चीन में प्रदीप कुमार रावत से यह जिम्मा लेंगे। दुरईस्वामी की नियुक्ति पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि राजनयिक राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण और सहकारी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सेतु होते हैं। लिन ने कहा कि चीन भारत के नए राजदूत का स्वागत करता है और यहां उनके पदभार ग्रहण करने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी तथा भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने में उनकी सकारात्मक भूमिका की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि राजदूत दुरईस्वामी ने अपना चीनी नाम चुना है: वेई जियामेंग।

# ऊर्जा संकट कम करने को आईईए ने दिए 10 सुझाव

- वैश्वकि तेल आपूर्ति की बाधा को दूर करने में मिलेगी मदद

**पेरिस, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने शुक्रवार को कुछ ऐसे सुझाव पेश किये हैं, जिन्हें अपनाकर सरकारें, व्यवसाय और परिवार पश्चिमी एशिया में युद्ध से उत्पन्न तेल संकट के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस युद्ध ने वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न कर दी है, क्योंकि हॉर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बेहद कम हो गई है।

आवाजाही का कम होना इसलिए तेल संकट का कारण बन गया है, क्योंकि आमतौर पर प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल कच्चा तेल और तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से होकर गुजरते हैं। इस प्रवाह के रुकने से पेट्रोलियम बाजार इस कदर प्रभावित हुआ है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, जेट ईंधन तथा तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) जैसे रिफाइंड उत्पादों की कीमतों में और भी भारी वृद्धि हुई है। इसलिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से परिवहन को बहाल करना आवश्यक बना हुआ है। इस बीच, प्रभावित देश आपूर्ति और मांग दोनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। 11 मार्च को आईईए के सदस्य देश आपातकालीन भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने पर सहमत हुए हैं जो एजेंसी के इतिहास में स्टॉक से की गई सबसे बड़ी निकासी है। केवल आपूर्ति-पक्ष के उपाय से इस बड़े व्यवधान की पूरी तरह भरपाई नहीं की जा सकती है। मांग को भी नियंत्रित करना जरूरी है ताकि उपभोक्ताओं पर पड़ने वाला दबाव कम किया जा सके।

## 10वीं कक्षा की रद्द परीक्षाओं के लिए नई योजना घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में कक्षा 10वीं की परीक्षाओं के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन योजना की घोषणा की है, जिन्हें बढ़ते संघर्ष के बीच रद्द कर दिया गया था। बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौजूदा स्थिति की गहन समीक्षा के बाद परीक्षाएं रद्द कर दी गईं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार, 17 से 28 फरवरी तक निर्धारित परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान गणित, अंग्रेजी और विज्ञान सहित छह शैक्षणिक विषयों की परीक्षाएं हुईं। इसके अतिरिक्त, 16 भाषा विषय और 22 कौशल विषय की परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। भारद्वाज ने कहा कि सभी परीक्षाओं में शामिल हुए छात्रों के परिणाम परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर घोषित किए जाएंगे।

# संरा प्रमुख बोले-अमेरिका और इजराइल खत्म करें युद्ध

- गुटेरेस ने वैश्विक परिणामों के प्रति भी किया आगाह

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और इज़राइल से ईरान युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया और सैन्य कार्रवाई के स्थान पर कूटनीति अपनाने पर बल दिया।

यूरोपीय परिषद की बैठक के दौरान यहां गुटेरेस ने कहा कि इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इज़राइल द्वारा शुरू किए गए इस संघर्ष का पूरी तरह से बेकाबू होने का खतरा है, साथ ही नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंच रही है। गुटेरेस ने यह भी कहा कि युद्ध का प्रभाव युद्धक्षेत्र से कहीं अधिक दूर तक फैल रहा है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे दुष्प्रभाव की चेतावनी दी, जिसके संभावित रूप से दुखद परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों के लिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि युद्ध पर कूटनीति विजय प्राप्त करे। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने गुरुवार को ब्रुसेल्स में बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेष रूप से यूरोपीय ऊर्जा कीमतों, ऊर्जा सुरक्षा एवं क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चर्चा की गई। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिससे वैश्विक नौवहन बाधित हुई, तेल की कीमतें आसमान छू गईं।



## प्रवासियों को लेकर ब्रिटेन- नाइजीरिया ने किया समझौता

**मॉस्को/लंदन।** ब्रिटेन और नाइजीरिया ने अवैध प्रवासियों की वापसी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि यह समझौता नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनूबू की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुआ, जो 37 वर्षों में किसी नाइजीरियाई नेता की लंदन की राजकीय यात्रा है। नए समझौते के तहत वीजा अवधि से अधिक रुकने वाले, विदेशी अपराधियों और विफल शरण चाहने वालों को ब्रिटेन से निकालना कहीं अधिक आसान हो जाएगा। समझौते के अनुसार, नाइजीरिया अब उन ब्रिटिश लेटर्स को मान्यता देगा, जो ब्रिटिश गृह मंत्रालय द्वारा उन व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं जिनके पास वैध पासपोर्ट नहीं है। दोनों देश उन आपराधिक समूहों से निपटने के लिए एक मानकीकृत दस्तावेज सत्यापन प्रणाली लागू करेंगे जो वीजा का दुरुपयोग करते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** – आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी मित्र के विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष** – आज धैर्य के साथ अपना दिन बिताएं। धन को लेकर परेशानी हो सकती है। नकारात्मक खबर आपको मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज आपका मन वर्जित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। अधिक धन कमाने के चक्कर में न रहें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**मिथुन** – आज आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा अनुबंध होने की संभावना है। घर में मेहमानों का आगमन होता रहेगा।

**धनु** – आज आपकी आर्थिक स्थिति शानदार रहने वाली है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। बच्चों को पुरस्कार मिल सकता है।

**कर्क** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। परिवार में आनंद का वातावरण होगा। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**मकर** – आज नया काम शुरू करने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। व्यर्थ के झगड़े मोल न लें। नजदीकी लोगों से विश्वासघात हो सकता है।

**सिंह** – आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आशा के विपरीत काम होने से आप थोड़े परेशान रहेंगे। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।

**कुंभ** – आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। प्रेमीजन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। मन में नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध खराब न करें।

**मीन** – आज संपत्ति को लेकर समस्या होने की संभावना है। आपके व्यवहार से लोग नाराज होंगे। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 21 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 23.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 22 मार्च 00.37 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 |

### सुडोकू -95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | |
| 6 | | | 4 | | | | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| 8 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 8 | |

## नाटो ने इराक से अपना सलाहकार मिशन हटाया

**दुबई।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने इराक से अपना सुरक्षा सलाहकार मिशन हटाकर सैकड़ों कर्मचारियों को यूरोप में स्थानांतरित कर दिया है। उत्तरी इराक में ब्रिटेन, फ्रांस और इटली के ठिकानों पर ईरान के सिलसिलेवार हमलों के बाद यह कदम उठाया गया है। नाटो के शीर्ष कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकविच ने पुष्टि की कि बचे हुए सैनिक शुक्रवार को वहां से रवाना हो गए। उन्होंने मिशन को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने में मदद करने के लिए इराक सरकार का आभार जताया।

**महिलाओं को तरजीह** | पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी ने जारी किया घोषणा पत्र

# तृणमूल के वोटरों से 10 वादे, दुआरे चिकित्सा की शुरुआत

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं के दायरे को व्यापक बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित 10 वादे किए गए हैं।

पार्टी ने इस घोषणापत्र के माध्यम से अपने मजबूत महिला समर्थक आधार को अपने पाले में बनाए रखने का प्रयास भी किया है। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए जिन 10 प्रतिज्ञाओं की घोषणा की उनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मीर भंडार योजना में 500 रुपये की वृद्धि और राज्य के हर प्रखंड में स्वास्थ्य शिविरों का आरंभ शामिल है। राज्य के मतदाताओं में लगभग आधी महिलाएं हैं और पिछले एक दशक से उन्हें तृणमूल कांग्रेस की चुनावी सफलता की रीढ़ माना जाता है। इस घोषणापत्र में सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, युवाओं को सहयोग और कृषि पर भी विशेष जोर दिया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सत्ता बरकरार रहने पर ये प्रतिबद्धताएं अगले पांच वर्षों के लिए शासन के खाका के रूप में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में किए गए वादों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का पहिया बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ता रहे और खुशियों की रोशनी मेरे प्यारे बंगाल के हर घर तक पहुंचे। पार्टी द्वारा किए गए वादे के तहत मासिक वित्तीय सहायता में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी। सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये मिलेंगे, जबकि एससी, एसटी से संबंधित महिलाओं को प्रति माह 1,700 रुपये प्राप्त होंगे।



### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं बंगाल की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने महिला मतदाताओं के बीच तृणमूल कांग्रेस के समर्थन आधार को मजबूत बनाने का श्रेय अक्सर लक्ष्मीर भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं को दिया है। घोषणापत्र में दुआरे चिकित्सा के तहत हर घर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की शुरुआत का भी वादा किया गया है।



> हमारे कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं लेकिन हमारे पास अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। पिच शुरू में थोड़ी मुश्किल लग रही थी। यह अच्छी बात थी कि दोनों खिलाड़ियों (कॉनवे और लैथम) ने इसे बखूबी संभाला।
> – मिशेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान



## हाईलाइट

### आईएमएल के दूसरे सत्र में भाग लेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। लीग के कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा आईएमएल के पहले सत्र ने साबित कर दिया कि दिग्गज क्रिकेटरों का जादू अभी भी प्रशंसकों के सिर चढकर बोलता है । दूसरे सत्र में फोकस उस अनुभव को बेहतरीन प्रतिस्पर्धा, यादगार पलों और खेल के लिये उसी जुनून से जोड़ने पर रहेगा। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी।

### श्रीलंका ने चमीरा निसंका और मेंडिस को एनओसी जारी की

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को दुशमंथा चमीरा, पथुम निसंका और कामिंदु मेंडिस को आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दी, क्योंकि यह तीनों खिलाड़ी फिटनेस परीक्षण में सफल रहे थे। तेज गेंदबाज चमीरा और सलामी बल्लेबाज निसंका दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं, जबकि ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में बनाए रखा है। हालांकि नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जाइंट्स), ईशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) और मथीशा पथिराना (कोलकाता नाइट राइडर्स) को अपनी एनओसी के लिए इंतजार करना होगा। इन सभी खिलाड़ियों को फिटनेस परीक्षण में सफल रहने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी।

### तन्वी ऑरलियन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**ऑरलियन्स।** भारत की तन्वी शर्मा ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त नात्सुकी निदैरा को सीधे गेम में हराकर शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 43 मिनट में 21-14 21-14 से जीत दर्ज की। तन्वी का अगला मुकाबला जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर वल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।

### गोल्फर रिधिमा ने वर्ष 2026 का तीसरा खिताब जीता

**नोएडा।** रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत (बोगी – बोगी) के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरा राउंड 71 के स्कोर के साथ पूरा किया और जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण में जैस्मिन शेखर को पीछे छोड़ दिया। पर -71 लेआउट पर खेलते हुए, रिधिमा, जो फाइनल राउंड की शुरुआत में जैस्मिन से तीन शॉट पीछे थीं, सिर्फ दो होल के बाद पांच शॉट पीछे हो गई थीं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी बनाईं और कोई बोगी नहीं की, जबकि जैस्मिन ने 4-ओवर 75 का स्कोर बनाया, जिसका अंत एक बोगी के साथ हुआ। जब जैस्मिन और रिधिमा 18वें टी पर पहुंचीं, तो वे इवन पार पर बराबरी पर थीं।

# आईपीएल के जरिये वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे चयनकर्ता

## चयन समिति के सदस्य अपने-अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे, बाकी टीवी पर देखेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है, लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है। पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढाने की मांग की है।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।

अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं। टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर मिचेल स्टार्क शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे । दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं। टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है।

### हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे भरत सर : ऋषभ पंत

लखनऊ। आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी, लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊ टीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरुण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया। पंत ने कहा तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है । हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं । गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं । आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिए होता है। पंत ने कहा पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी । इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं। ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के असिस्टेंट कोच शेन वॉटसन, हेड कोच अभिषेक नायर मेंटर ड्वेन ब्रावो और कप्तान अजिंक्य रहाणे (बाएं से क्रमश:)। एजेंसी

# हर्षित राणा आईपीएल के पूरे सत्र से बाहर

**कोलकाता, एजेंसी**



तेज गेंदबाज हर्षित राणा टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान लगी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए बड़ा झटका है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा।

केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित राणा पिछले कुछ सत्र से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं। इनमें वह सत्र भी शामिल है जिसमें टीम चैंपियन बनी थी। पिछले एक साल में उन्होंने एक क्रिकेटर के रूप में काफी तरक्की की है। उन्होंने कहा हमें हर्षित राणा की कमी खलेगी। उनकी जगह भरना आसान नहीं है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने कई गेंदबाजों को परखा है कि कौन इस भूमिका में फिट बैठता है और कौन अपनी पूरी क्षमता से यह काम कर सकता है। उम्मीद है कि हम कुछ दिनों में फैसला ले लेंगे।

### कप्तानी की चुनौती के लिए तैयार रहाणे

**कोलकाता।** पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन और टीम में कई बदलाव करने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा है, जिन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि वह शांति और सकारात्मकता के साथ जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। रहाणे ने पिछले सत्र में 390 रन बनाए लेकिन उनकी टीम केवल पांच मैच ही जीत पाई और आखिर में आठवें स्थान पर रही। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है और वह सही मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला में बढ़त बनाई

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम। एजेंसी

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला द्वारा किए गए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया। चौथा मैच रविवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

### महिला क्रिकेट टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार है। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे सीरीज भी शामिल है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा ये वनडे मैच 9 से 15 दिसंबर तक पोचेफस्ट्रूम, ब्लूमफोंटेन और केपटाउन में खेले जायेंगे। यह टेस्ट मैच इस फ़ॉर्मेट में दोनों टीमों के बीच सिर्फ़ चौथी भिड़ंत होगी, और सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला सिर्फ़ दूसरा महिला टेस्ट मैच होगा। इस दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच से होगी। भारत का यह दौरा दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एक हाई-प्रोफ़ाइल घरेलू सीजन का पहला हिस्सा होगा<bha>;</bha> इसके बाद नए साल में 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक ऑस्ट्रेलिया की टीम एक पूरे मल्टी-फ़ॉर्मेट दौरे के लिए आएगी। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच शामिल होंगे। टी20 सीरीज़ किम्बर्ली, बेनोनी और ईस्ट लंदन में खेली जाएगी।

# भारत की अंडर-20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

**बैंकॉक, एजेंसी**



भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले 15 दिन के शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है । इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था।

- दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने किया क्वालीफाई

**टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू, डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम, मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी, फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।


### ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत

**तेहरान।** ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है। दर्शकों ने झंडे लहराये और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे । शबान ने अनुवादित बयान में कहा मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आयेंगे । मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।

**तैयारी** | बोले- आपसी संबंधों को मजबूत करने पर दे रहे ध्यान

# श्रेयस अय्यर का लक्ष्य पंजाब किंग्स को ट्रॉफी दिलाना

**मोहाली, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी नज़र ट्रॉफी पर है और उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मैदान के बाहर आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अय्यर ने मोहाली में फ्रेंचाइजी की जर्सी के अनावरण समारोह में कहा यह वह समय है जब हम दो महीने तक एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना अधिक समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। यही वह समय है जब हम अपने बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा हम अपना अधिकतर समय गेम रूम में फीफा और अन्य गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों के लिए रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर यह मजबूत रिश्ता हमें आखिर में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करता है। पंजाब किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 31 मार्च को घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेगा। अय्यर को उनके प्रशंसकों ने ''सरपंच साहब'' का उपनाम दिया है और वह जानते हैं कि उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नज़र ट्रॉफी पर है। अय्यर को हाल के दिनों में चोटों से भी जूझना पड़ा लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं।

उन्होंने कहा चोट के बाद वापसी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मेरा वजन लगभग सात किलो कम हो गया था और उसे वापस पाने में काफी मेहनत लगी। लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मुझे खुशी है कि मैंने अपने जीवन के उस दौर को पार कर लिया है और मैं पूरी तरह फिट होकर टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां वापस आया हूं।

### राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे चोटिल सैम करेन

**जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम करेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे करेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18 .5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे।

